



# हरिभूमि रायपुर भूमि







बदबू और गंदगी के बीच वेंडिंग जोन में गुमटी होने से ग्राहकी की चिंता

## बूढ़ापारा धरनास्थल की चौपाटी आबाद होने से पहले ही कंडम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर नगर निगम द्वारा राजधानी के बूढ़ातालाब के सामने धरना स्थल पर प्रस्तावित वेंडिंग जोन अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इस वेंडिंग जोन में लाखों रुपए खर्च कर स्मार्ट गुमटियां वेंडरों के लिए उपलब्ध कराई गईं, पर धरना स्थल के पास रामकी का कचरा कलेक्शन पाइंट होने और कचरा गाड़ियों की सुबह से लेकर देर शाम तक लाइन लगने से वहां बदबू और गंदगी के बीच सांस लेना मुश्किल हो गया है। इसके कारण यह नगर निगम के प्रस्तावित वेंडिंग जोन पर आधा दर्जन से ज्यादा गुमटियां खुले आसमान के नीचे रखी होने से कंडम होने लगी हैं। एक लाइन से रखी गई रंगीन गुमटियों पर आने-जाने वालों की नजर पड़ती जरूर है, पर कचरा कलेक्शन सेंटर से उठने वाली बदबू के कारण लोग वहां रुकना नहीं चाहते। ऐसे में वेंडिंग जोन ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पुष्प विक्रेताओं को आवंटित हुई थीं गुमटियां

*नगर निगम ने पूर्व में बूढ़ातालाब के सामने धरना स्थल पर वेंडिंग जोन विकसित करने पुष्प विक्रेताओं को गुमटियां आवंटित की थीं। शुरुआत में कुछ वेंडरों ने अपनी दुकानें खोलकर फूलों की दुकान भी सजाई पर लोकेशन के हिसाब से ग्राहकी नहीं मिलने और गंदगी,* ▶▶|शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप

### शार्ट फिल्म का पुलिस कमिश्नर ने किया विमोचन



**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट द्वारा समय-समय पर जनसुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता अभियान संचालित किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में तैयार की गई शॉर्ट फिल्म समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक बुराइयों, साइबर अपराध, नशे की प्रवृत्ति, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध, सड़क सुरक्षा तथा अन्य अपराधों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से तैयार की गई जनजागरूकता आधारित शॉर्ट फिल्म का पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने शनिवार को कालीबाड़ी स्थित ट्रैफिक कार्यालय में विमोचन किया।

### आवासीय कॉलोनी में चोरी, तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** आवासीय कॉलोनियों में चोरी करने के आरोप में एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट तथा डीडीनगर पुलिस की टीम ने तीन शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के तीन दोपहिया, सोने-चांदी के जेवर सहित कुल साढ़े आठ लाख रुपए का सामान जब्त किया है। चोरी के आरोप में पुलिस ने आशुतोष सिंह उर्फ सूरज, साहिल सोनकर को गिरफ्तार किया है। सिद्धार्थ सिंह चोरी के आरोप में पहले से जेल में बंद है। आरोपियों ने डीडीनगर की अलग-अलग कॉलोनियों में दोपहिया वाहनों समेत आठ चोरियां की थीं।

कलेक्टर के निर्देश पर निगम, अग्निशमन विभाग, पुलिस प्रशासन की बनी संयुक्त टीम

## 80 होटल, कोचिंग-क्लबों की जांच, 45 में मिलीं खामियां, नोटिस के बाद एक्शन

*लखनऊ अग्निकांड के बाद रायपुर नगर निगम और फायर ब्रिगेड की तकनीकी टीम ने शहर में करीब 80 कोचिंग सेंटर, होटल और क्लबों की जांच की है। इनमें कई खामियां पाई गईं। आयुक्त संबित मिश्रा के मुताबिक संयुक्त टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में शहर के कई प्रमुख कोचिंग सेंटरों में अग्नि सुरक्षा मानकों और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी खामियां पाई गई हैं। फायर सेफ्टी, वेंटिलेशन और लिफ्ट सुरक्षा मानकों की कमियों को दूर करने के लिए सप्ताहभर का समय दिया गया है। नोटिस के बाद कमियां नहीं सुधारने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

निगम तथा फायर ब्रिगेड की टीम ने शहर के प्रमुख कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई स्थानों पर छात्रों की संख्या निर्धारित क्षमता से अधिक पाई गई, जिससे कक्षाओं में भीड़ की स्थिति बनी हुई थी। कई कोचिंग सेंटर के क्लासरूम में छात्रों की संख्या तय मानक से अधिक मिली, जिस पर अधिकारियों ने आपत्ति जताई। इसके अलावा कई संस्थानों में वेंटिलेशन की व्यवस्था भी पर्याप्त नहीं पाई गई, जिससे छात्रों के लिए असुविधा की स्थिति बन रही थी। खामियां पाए जाने वाले संस्थानों को संबंधित जोन के माध्यम से नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर खामियां सुधारने की हिदायत दी गई।

नगर निवेशक आभाष मिश्रा के मुताबिक शहरभर में अब तक 70 से 80 अलग-अलग परिसर में जाकर अग्नि सुरक्षा मानकों और अन्य सुविधाओं की जांच की गई है। इसमें से 50 फीसदी संस्थानों में जो खामियां मिली है, उसे सुधारने निर्देशित किया गया है। शहर के सभी कोचिंग संस्थानें जहां बच्चों का मूवमेंट होता है, उसे प्रमुखता से ध्यान में रखते हुए औचक निरीक्षण कर निर्धारित मापदंडों की जांच संयुक्त टीम के माध्यम से की गई है। अब तक करीब 30 कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा, फायर एनओसी सहित अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई है।






कोचिंग संस्थानों में थोक में खामियां न फायर सेफ्टी का ध्यान, न वेंटिलेशन

लिफ्ट सुरक्षा मानकों का पालन नहीं

ज्यादातर कोचिंग सेंटर में फायर एनओसी नहीं

फायर ब्रिगेड ने जारी किया नोटिस

छात्रों की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा

नागरिक, विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

### लिफ्ट सुरक्षा मानकों का पालन नहीं

जांच टीम ने यह भी पाया कि कई संस्थानों में लिफ्ट सुरक्षा मानकों का सही तरीके से पालन नहीं किया जा रहा है। कुछ जगहों पर नियमित जांच नहीं हुई थी, जबकि आपात स्थिति में निकासी के लिए पर्याप्त संकेतक भी नहीं लगे थे। अधिकारियों ने इन सभी खामियों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निगम ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा में सुधार नहीं किया गया, तो संबंधित संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## समोदा में छापा, साठ टन डीएपी, एनपीके सुपर फास्फेट जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सहकारी समितियों में एक ओर जहां डीएपी, यूरिया आदि खाद की किल्लत देखी जा रही है, वहीं दूसरी ओर कृषि विभाग से लाइसेंस प्राप्त कृषि सेवा केंद्रों के संचालक भी अब इस किल्लत को अपनी अतिरिक्त कमाई का जरिया बनाने से चूक नहीं रहे हैं तथा किसानों को अधिक मूल्य पर बेचकर मोटी रकम कमा रहे हैं। रायपुर जिले के आरंग विकासखंड अंतर्गत ग्राम समोदा में संचालित एक कृषि सेवा केंद्र में शनिवार को खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारकर 60.15 टन खाद जब्त किया है, जिसमें डीएपी, एनपीके, सुपर फास्फेट सहित विभिन्न ब्रांड के एनपीके शामिल है।

**अवैध भंडारण की सूचना पर छापा, दो गोदाम अवैध :** कृषि विभाग के उप संचालक सतीश अवस्थी ने बताया कि ग्राम समोदा में प्रोप्राइटर नेतराम वर्मा (राशि वर्मा) द्वारा संचालित कृषि सेवा केंद्र एवं गोदाम में अवैध रूप से खाद भंडारण किए जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर कृषि केंद्र एवं उसके 3 गोदाम में ▶▶|शेष पेज 13 पर





**जब्त खाद का विवरण टन में**

| | |
|---|---|
| किसान सुपर (पावडर) | 16.4 |
| किसान सुपर (दानेदार) | 7.90 |
| एनपीके (5.15.0.10) | 1.10 |
| एनपीके (20.5.0.023) | 0.45 |
| एनपीके (5.15.0.10) | 10.0 |
| मल्टीपास | 0.60 |
| डीएपी (18.46.0) | |
| इंडियन पोटाश | 2.45 |
| डीएपी (18.45.0) | |
| इफको | 0.90 |
| एसएसपी पावडर | 0.45 |
| पावडर (16.30.10) | 20.0 |

### महासमुंद में भी वैष्णवी एग्रो इंडस्ट्रीज में दबिश उड़ीसा प्रिंट वाली 11 उर्वरक बोरी जब्त

*रायपुर के अलावा महासमुंद जिले में कृषि विभाग ने कार्रवाई करते हुए वैष्णवी एग्रो इंडस्ट्रीज से उड़ीसा प्रिंट वाली पीआरओएम उर्वरक की 11 बोरियां (लगभग 550 किलोग्राम) जब्त किया है। कृषि विभाग की टीम ने बागबाहरा विकासखंड के ग्राम घोयनाबाहरा स्थित वैष्णवी एग्रो इंडस्ट्रीज में जांच करते हुए यहां से सालेपाली, पाइकमाल, जिला बरगढ़ (उड़ीसा) प्रिंट वाली उर्वरक की 11 बोरी मिली, जिसे जब्त किया है।*

## ओटीपी से चावल, शक्कर नमक वितरण, थोक में राशन दुकानों को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर जिले की लगभग सभी उचित मूल्य दुकानों को खाद्य विभाग ने नोटिस जारी किया है। यह नोटिस ओटीपी के माध्यम से कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण के लिए भेजा गया है। नोटिस के जरिए सभी दुकान विक्रेताओं से बायोमेट्रिक प्रणाली की जगह ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किए जाने के कारण पूछे गए हैं। विभाग द्वारा जारी किए गए नोटिस से उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है। इस नोटिस का जवाब देने हर दिन विभाग के दफ्तर में विक्रेताओं की भीड़ लग रही है। इधर पीडीएस संघ के अध्यक्ष नरेश बाफना ने इस नोटिस को गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि ओटीपी से खाद्यान्न वितरण नहीं करना है, इस संबंध में लगभग सप्ताहभर पहले ही निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन नोटिस अप्रैल एवं मई में ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सुविधा के लिए ओटीपी से वितरण

*उचित मूल्य की दुकानों में ओटीपी से खाद्यान्न वितरण के पीछे हितग्राहियों को सुविधा देना है, ताकि जल्द से जल्द उन्हें खाद्यान्न वितरण किया जा सके। तीन माह का एक साथ चावल वितरण के दौरान सभी दुकानों में हितग्राहियों की भारी भीड़ लग रही थी। बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से एक हितग्राही को चावल देने में कम से कम 10 से 15 मिनट लग रहे थे, क्योंकि सर्वर की समस्या तथा हितग्राही का फिंगर स्कैन करने में काफी वक्त लग रहा था। बायोमेट्रिक प्रणाली के स्थान पर ओटीपी से चावल वितरण आसानी से हो रहा था, जिसमें काफी कम समय भी लग रहा था। दुकानों में लगने वाली भीड़ तथा हितग्राहियों को सुविधा देने के उद्देश्य से दुकान संचालकों ने ओटीपी के माध्यम से चावल वितरण किया था।*




COLUMBIA PROFESSIONAL UNIVERSITY
विद्या आरब्धते प्रगतिः
All Progress Begins with Learning

**COLUMBIA PROFESSIONAL UNIVERSITY**

www.cpu.ac.in

# The **Blueprint** for Future's **Engineering**

FIRST TIME IN C.G.




## Empower Your Career with **Future-Ready B.Tech Programs**

**B.Tech Lateral / Diploma** 3 Years
EEE | CSE | AI | DS | MECHANICAL | CIVIL

**B.Tech** 4 Years
• CSE • Data Science & ML • AI & ML • CSE (Cyber Security) • EEE • Civil • Mechanical • Electrical Engineering • Electronics & Communication Engineering • Semi Conductor & VLSI Design • Mechanical (Robotics and Automation) • Electrical Engineering with Electric Vehicle • Digital Marketing and E-Commerce

**M.Tech** 2 Years
• Thermal • Thermal Power • Computer Technology • CSE (AI & ML) • CSE (Data Science & ML) • CSE (Cyber Security) • Civil Engineering (Structural Engineering) • Electrical & Electronics Engineering (Power Electronics & Drives) • Electronics Engineering (VLSI & Embedded Systems) • Civil Engineering (Infrastructure Management Engineering)

Modern infrastructure with 30 acres of lush green campus | Three Times NBA Accredited | Focus on Holistic Development of Students | DST-FIST New Delhi Supported Pharmacy Labs | Spacious and well-lit Smart Classrooms | Research & Excellence

DTE Admission QR

Industry Tie Ups: wipro, HCL, HUAWEI, Synergy Technology, Relcom Group, PIE INFOCOMM, WEBNET Creative

Microsoft Certification Center

**Exclusive MICROSOFT Certification Centre at Raipur**

**ADMISSIONS OPEN** For 2026-27
Upto 100% SCHOLARSHIPS Apply Now

Admissions Through
**PET / CPUET EXAM**
Date of Exam - 30.6.2026

**100%** PLACEMENT ASSISTANCE | **10.5 LPA** PACKAGE

FACULTIES UNDER CPU: ARTS & HUMANITIES | COMMERCE | COMPUTER APPLICATIONS & IT | ENGINEERING & TECHNOLOGY | LAW | LIBRARY & INFORMATION SCIENCES | MANAGEMENT | PHARMACY | SCIENCE | EDUCATION

CONNECT WITH US

Near Old Vidhan Sabha, Tekari, Raipur (C.G.) **7400 777 888**

Sunday Open

## खबर संक्षेप




### चैनल पर भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. पं. श्यामाचरण शुक्ल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. पं. विद्याचरण शुक्ल के सार्वजनिक जीवन और चरित्र पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यू-ट्यूब पर एक चैनल द्वारा एक अत्यंत भ्रामक, तथ्यहीन और मानहानिकारक वीडियो प्रसारित किया गया है। इस कृत्य को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए पं. शुक्ल के समर्थकों सहित वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर द्वारा देश-विदेश में फैले समस्त शुक्ल समर्थकों की ओर से यूट्यूबर और चैनल प्रबंधन के खिलाफ सीधे कड़े कानूनी कदम उठाते हुए उनका यूट्यूब आईडी-चैनल ब्लॉक कराने और आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की सीधी विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त यूट्यूबर ने बिना किसी प्रामाणिक और ऐतिहासिक दस्तावेजों के, केवल सुनी-सुनाई बातों के आधार पर छत्तीसगढ़ की माटी के महान सपूतों की छवि धूमिल करने का घृणास्पद प्रयास किया है।

### ताराचंद निर्मलकर को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** एनसीसी अधिकारी ताराचंद निर्मलकर के आकस्मिक निधन पर उन्हें पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। ड्यूटी पर जाते समय मोटरसाइकिल चलाते हुए हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया था। उनके निधन से एनसीसी परिवार, समाज और क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। अंतिम संस्कार से पूर्व एनसीसी की ओर से दिवंगत ताराचंद निर्मलकर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा पुष्पचक्र एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण वर्चुअल माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुभाष महतो, सूबेदार रवि कुमार, सूबेदार जगतार सिंह, सूबेदार बिट्टू सिंह नायक, सूबेदार महेश सिंह, हवलदार दलजीत सिंह, हवलदार विवेक छतरी सहित एनसीसी मुख्यालय रायपुर के अधिकारी एवं कैडेट्स उपस्थित रहे।

## निधन

### डा. अशोक कुमार खरे



**रायपुर।** कैलाशपुरी निवासी छत्तीसगढ़ कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डा. अशोक कुमार खरे (87) का 27 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान के लिए निकलेगी। वे डॉ. राकेश कुमार खरे, डॉ. राजीव लोचन खरे एवं रश्मि खरे के पिता थे।

### प्रदीप दीवान



**रायपुर।** आजाद चौक निवासी प्रदीप दीवान सकरी अभनपुर वाले का 26 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 जून को महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे श्रुति के पिता, सुदेश, मनीष, संदीप, भावेश के बड़े भाई व शेषनारायण दीवान के भतीजे थे।

### //आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता सुखचंद विश्वकर्मा पिता-चमारराय निवासी-ग्राम बेंदी तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.), हाल मुकाम फ्लैट नं.-4, जनकपुरी अपार्टमेंट, अग्रवाल कॉलोनी, कमला नेहरू नगर वार्ड, जबलपुर (मध्य प्रदेश) वाले के स्वामित्व व आधिपत्य कृषि भूमि जिसका, खसरा नं.-1429 एवं 1433 क्रमशः रकबा 0.2100 एवं 0.1900 हेक्टेयर इस प्रकार कुल खसरा 02 एवं कुल रकबा 0.4000 हेक्टेयर भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम-सिंगारभाठा, प.ह.नं.-12, रा.नि.मं. -केन्द्री, तहसील-अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। यह कि उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का सौदा विक्रेता के साथ मेरे पक्षकार ने अग्रिम बयाना राशि देकर कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 27/06/2026

**(करन कुकरेजा)**
**अधिवक्ता गली नं.-3, श्रीमान श्रीमती तेलीबांधा रविग्राम, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9109236413,**

# दोपहर में मौसम खराब, दिल्ली-रायपुर फ्लाइट की लखनऊ पहुंची, 4 घंटे बाद लौटी

*नवा रायपुर इलाके में दोपहर मौसम खराब होने की वजह से दिल्ली-रायपुर फ्लाइट को लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड कराना पड़ा। अपने निर्धारित समय में रायपुर पहुंची फ्लाइट आसमान में चक्कर लगाकर लैंडिंग की अनुमति नहीं मिलने पर लखनऊ रवाना हो गई। एयरक्राफ्ट में 289 यात्री सवार थे, जिन्होंने करीब 4 घंटे लेट से रायपुर पहुंचकर राहत की सांस ली। शेड्यूल बिगड़ने की वजह से दिल्ली वापसी की उड़ान भी चार घंटे लेट हुई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौसम खराब होने पर विमानों को एहतियातन किसी भी एयरपोर्ट पर लैंड नहीं होने दिया जाता। शनिवार को भी कुछ ऐसा ही दिल्ली से रायपुर आने वाली 6ई6312 फ्लाइट के साथ हुआ। यह नियमित उड़ान दोपहर 2.25 बजे दिल्ली से शुरू होकर शाम 4.15 बजे रायपुर में समाप्त होती है। अपने निर्धारित समय में फ्लाइट रवाना होकर समय पर रायपुर पहुंची, मगर यहां मौसम खराब था। तेज हवा के साथ चमक रहे बादल और बारिश की वजह से विजिबिलिटी कम हो गई थी। खराब मौसम के कारण फ्लाइट के पायलट को लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली, जिसके बाद उसे नजदीकी एयरपोर्ट मानते हुए लखनऊ रवाना कर दिया गया। फ्लाइट डायवर्ट होने की जानकारी उसमें सवार 289 यात्रियों और क्रू मेंबरों को दे दी गई थी। फ्लाइट वहां काफी देर लैंड रही और यहां से मौसम सामान्य होने की सूचना के बाद उसे वापस रायपुर लाया गया। तब तक करीब चार घंटे बीत चुके थे। सूत्रों के अनुसार रायपुर के आसमान से रवाना हुई फ्लाइट शाम 5:57 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरी। वहां यात्रियों और क्रू मेंबर्स को कुछ समय तक विमान के भीतर ही इंतजार करना पड़ा। बाद में रायपुर का मौसम सामान्य होने पर विमान को शाम 6:45 बजे लखनऊ से रायपुर के लिए रवाना किया गया था। यात्री जब वापस रायपुर पहुंचे तो उन्होंने राहत की सांस ली। फ्लाइट के विलंब से रायपुर लैंड होने की वजह से उसकी दिल्ली वापसी भी करीब चार घंटे लेट से हुई। वापसी के दौरान यहां फ्लाइट यहां से 4.50 बजे रवाना हो जाती है, मगर आज उसका टेकऑफ 8.46 बजे के आसपास हुआ।

**वापसी की उड़ान भी चार घंटे लेट हुई, रात 11 बजे दिल्ली में लैंड**

**289 यात्री सवार थे, लौटने के बाद सभी ने ली राहत की सांस**




## नियमितीकरण के लिए तय शुल्क पर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

# नया नल 10 हजार, नियमितीकरण कराने 20 हजार एकमुश्त जल कर निपटान योजना 16 जुलाई से

*नगर निगम ने अवैध नल कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई और उन्हें वैध करने विशेष अभियान शुरू किया है, जिसमें सालों से इस्तेमाल कर रहे अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने उपभोक्ताओं को 20 हजार रुपए से ज्यादा राशि का भुगतान करना होगा। वहीं नया नल कनेक्शन लेने पर करीब 10 हजार रुपए का खर्च आएगा।*


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

16 जुलाई से 15 अक्टूबर तक एकमुश्त जल कर निपटान योजना लाई जा रही है, जिसमें अवैध नल कनेक्शन को निर्धारित शुल्क लेकर नियमितीकरण का मौका मिलेगा। इसके बाद भी अवैध कनेक्शन वैध नहीं कराए गए, तो कनेक्शन काटने की नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इधर अवैध नल कनेक्शन को नियमित करने के लिए तय शुल्क पर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने ऐतराज जताते हुए कहा है कि सालों से पानी का इस्तेमान कर रहे आम परिवारों से एक साथ इतनी बड़ी राशि वसूलना सही नहीं है। उनका कहना है कि पूववर्ती कांग्रेस की परिषद ने एमआईसी में प्रस्ताव पारित कर मात्र 100 रुपए आवेदन शुल्क और 500 रुपए प्रशसनिक पेनाल्टी शुल्क लेकर 600 रुपए में अवैध नल नियमित करने का मौका दिया था, पर वर्तमान में भाजपा की महापौर और नगर निगम आयुक्त ने अवैध नल को वैध करने 20 हजार रुपए शुल्क लगाया है, यह कैसा न्याय है।

इस तुगलकी आदेश को तुरंत वापस लिया जाए, पूर्ववती कांग्रेस शासन के 600 रुपए जुर्माना वाले जन हितैषी नियम को लागू करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने मांग की है कि नगर निगम के सभी 10 जोन में अवैध नल कनेक्शन नियमितीकरण के लिए शिविर लगाकर सबको मौका दिया जाए, तब तक एक भी नल कनेक्शन न काटा जाए। उन्होंने शहरी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पानी के बिल में महंगाई, यूजर चार्ज में बढ़ोतरी और अब नल कनेक्शन पर ट्रिपल अटैक बंद किया जाए। नगर निगम रायपुर एक लोक कल्याणकारी संस्था है, न कि केवल टैक्स वसूली की।

**कांग्रेस की परिषद ने 100 रुपए शुल्क 500 रुपए जुर्माना लेकर चलाई थी मुहिम**



### 90 दिन की मोहलत, फिर होगी सख्त कार्रवाई

*नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि जिनके नल कनेक्शन निगम के रिकार्ड में दर्ज नहीं हैं, वे इस योजना का लाभ उठाकर वैध करा लें। इसके लिए उन्हें 90 दिनों की अवधि दी जा रही है। योजना की अवधि समाप्त होने के बाद अवैध नल कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें काटने के साथ ही दंडात्मक कार्रवाई भी शुरू की जाएगी।*

### घरेलू नल कनेक्शन वैध कराने देने होंगे 20,882 रुपए

*योजना के तहत आधा इंच के घरेलू कनेक्शन के नियमितीकरण के लिए 5 हजार रुपए नियमितीकरण शुल्क और 15,882 रुपए वैध कनेक्शन शुल्क देना होगा, यानी कुल 20,882 रुपए जमा करने होंगे। वहीं आधा इंच के व्यावसायिक नल कनेक्शन के लिए 15 हजार नियमितीकरण शुल्क और 15,882 रुपए कनेक्शन शुल्क मिलाकर कुल 30,882 रुपए जमा करने होंगे। निगम प्रशासन ये स्पष्ट किया है कि पूरी राशि एकमुश्त जमा करनी होगी। इसके अलावा नल कनेक्शन से संबंधित संपत्ति की यूनिक आईडी से लिंक करना और निर्धारित प्रारूप में अनुबंध करना भी अनिवार्य होगा।*

### 90 हजार नल कनेक्शन रिकार्ड से बाहर

*नगर निगम के आंकड़ों के मुताबिक रायपुर शहर में करीब 3.50 लाख संपत्तियां हैं, लेकिन निगम के रिकार्ड में केवल 2.21 लाख वैध नल कनेक्शन ही दर्ज हैं, यानी करीब 90 हजार संपत्तियों में ऐसे नल कनेक्शन हैं, जो निगम के रिकार्ड में नहीं हैं, लेकिन लंबे समय से वे पानी की सुविधा का इस्तेमाल धड़ल्ले से कर रहे हैं। निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने कहा है, अवैध नल कनेक्शनों के कारण नगर निगम को जल शुल्क के रूप में राजस्व का नुकसान हो रहा है, इसे देखते हुए सभी जोन कार्यालयों में ऐसे कनेक्शनों की पहचान कर नियमितीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।*

# एआई वीडियो में ईसा मसीह को हिंदू देवी देवताओं का बताया पिता, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 50 से ज्यादा एआई जनरेटेड वीडियो को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। फेसबुक पर अपलोड किए गए इन वीडियो में हिंदू देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक और भ्रामक दावे किए गए हैं। अपलोड किए गए वीडियो में लाखों व्यू मिले हैं। पोस्ट किए गए आपत्तिजनक वीडियो से नाराज बंजरंगदल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस थाना पहुंचकर अपत्ति दर्ज कराई। हिंदू संगठन की आपत्ति पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धार्मिक भवनाएं आहत करने के साथ अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है। सोशल मीडिया में पोस्ट किए गए वीडियो में ईसा मसीह को हिंदू देवी-देवताओं का पिता बताए जाने का दावा किया गया है। इसे हिंदू संगठनों ने भगवान का अपमान बताया और वीडियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फेसबुक पर फ्राम हेवन टू अर्थ नाम के पेज पर वीडियो पोस्ट किए गए हैं, जिन पर लाखों व्यू हैं। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष योगेश सैनी ने आरोप लगाया कि मसीही समाज से जुड़े कुछ लोग जानबूझकर हिंदुओं की आस्था को चोट पहुंचाने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवताओं का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर पोस्ट कर रहे हैं। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर उन्होंने आने वाले दिनों में आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

- *फेसबुक पर फ्राम हेवन टू अर्थ नाम के पेज पर करीब 50 से ज्यादा एआई वीडियो पोस्ट किए गए हैं*
- *सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने धार्मिक भावना भड़काने सहित अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया*



### वायरल वीडियो में ईसा समीह को बताया गया शक्तिशाली

*सोशल मीडिया में जो एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया गया है, उसमें कथित तौर पर भगवान शिव और भगवान विष्णु के ईसा मसीह को अपना पिता बताते हुए दिखाया गया है। वहीं, भगवान राम को ईसा मसीह से उपदेश लेते और भगवान हनुमान से उन्हें सबसे शक्तिशाली बताते हुए दर्शाया गया है। हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने फेसबुक में पोस्ट किए गए हिंदू देवी देवताओं के एआई वीडियो को पुलिस से तत्काल डिलीट कराने की मांग की है।*

## बिजनेस साइट

# उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क एंडोस्कोपी जांच शिविर 30 जून को

**रायपुर।** उर्मिला फाउंडेशन द्वारा 30 जून को भाटा गांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क एंडोस्कोपी जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य पेट एवं पाचन तंत्र से जुड़ी गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान कर मरीजों को उचित उपचार उपलब्ध कराना है। पेट रोग विशेषज्ञ एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन डॉ. विनोद सिंह ने बताया कि लगातार गैस, एसिडिटी, पेट दर्द, जलन, उल्टी, खाना निगलने में कठिनाई, बार-बार डकार आना या पेट भारी रहने जैसी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। एंडोस्कोपी जांच के माध्यम से भोजन नली, पेट और आंतों की स्थिति का सटीक पता लगाया जा सकता है, जिससे अल्सर, सूजन एवं अन्य गंभीर बीमारियों की शुरुआती अवस्था में पहचान संभव होती है। फाउंडेशन की डायरेक्टर नम्रता सिंह ने बताया कि सीमित संख्या में जांच होने के कारण पूर्व पंजीयन अनिवार्य रखा गया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के सभी आयुवर्ग के जरूरतमंद मरीज चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर इस निशुल्क जांच शिविर का लाभ उठा सकते हैं।




# एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल में मुस्कान अग्रवाल ने विद्यार्थियों को करियर और पर्सनल ब्रांडिंग के दिए गुर

**रायपुर।** एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल की 2016 बैच की पूर्व छात्रा मुस्कान अग्रवाल ने विद्यालय में आयोजित प्रेरक सत्र में विद्यार्थियों को पर्सनल ब्रांडिंग, नेटवर्किंग एवं एंटरप्रेन्योरशिप के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सपनों को पहचानकर आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर सीखने की भावना से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। मुस्कान ने स्कूल के बाद की अपनी संघर्षपूर्ण यात्रा साझा करते हुए विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं के बाद सही करियर चयन, भविष्य की योजना, रुचियों की पहचान और बदलती दुनिया के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने नेटवर्किंग, प्रभावी संवाद कौशल, गुणवत्तापूर्ण कंटेंट निर्माण और उद्यमिता के अवसरों पर भी विस्तार से चर्चा की। देश के कई प्रतिष्ठित उद्योगपतियों और स्टार्टअप संस्थापकों के साथ कार्य करने के अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों के सरल एवं प्रेरक उत्तर दिए। विद्यालय प्रबंधन ने सत्र की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, नवाचार, आत्मविश्वास और उद्यमशीलता का विकास कर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।




## पेज 11 के शेष

### बूढ़ापारा धरना स्थल ....

एक अरसे से वीरान पड़ा है। गुमटी के पास लगाई गई टाइल्स भी उखड़ने लगी हैं, गुमटियों के तले लगाए गई शीट भी बदरंग होने लगी है।

### पुष्प विक्रेताओं को आवंटित....

सुरक्षा सहित अन्य कारणों से दोबारा दुकानें नहीं खुलीं। नगर निगम प्रशासन ने बूढ़ापारा के वेंडिंग जोन को शुरू कराने अब तक पहल भी नहीं की है।

### समोदा में छापा ....

छापा मारकर जांच की गई। इस जांच के दौरान पता चला कि नेतराम ने विभाग से कृषि दुकान एवं 1 गोदाम का सिर्फ लाइसेंस ले रखा था, वहीं अन्य 2 गोदाम को वह अवैध रूप से किराए पर लेकर संचालित कर रहा था। इस तरह टीम ने एक-एक करके तीनों गोदाम से भारी मात्रा में खाद जब्त किया है।

### ओटीपी से चावल, शक्कर....

वितरण किए गए खाद्यान्न के लिए दिया जा रहा है।

**रजिस्टर्ड मोबाइल पर ही ओटीपी, इसलिए गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं:** ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी होने की गुंजाईश नहीं के बराबर है, क्योंकि राशन कार्ड धारक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ही ओटीपी जाता है। यह मोबाइल नंबर आधार से भी लिंक है। इस तरह जिस व्यक्ति के नाम से कार्ड बना है, और उसमें जो मोबाइल नंबर दर्ज है। ओटीपी भी उसी नंबर पर जाता है। इसलिए ओटीपी से वितरण में फर्जीवाड़ा या गड़बड़ी की संभावना बिल्कुल नहीं है।

**कई अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि भी हर महीने ओटीपी से लेते हैं खाद्यान्न:** राशन कार्ड धारकों में कई ऐसे सरकारी अधिकारी, कर्मचारी के अलावा जनप्रतिनिधि भी हैं, जो उचित मूल्य दुकानों से हर महीने खाद्यान्न बायोमेट्रिक प्रणाली की जगह ओटीपी के माध्यम से लेते हैं। अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों में ऐसे कई हैं, जो स्वयं दुकान न जाकर दूसरों को राशन कार्ड लेकर खाद्यान्न लेने भेजते हैं। इन लोगों को खाद्यान्न रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी मिलने पर ही दिया जाता है।

**बीमार, दिव्यांग सहित अन्य हितग्राहियों को मिलती है घर बैठे सुविधा:** ओटीपी से खाद्यान्न वितरण से बीमार, दिव्यांग जैसे हितग्राहियों को घर बैठे खाद्यान्न मिल जाता है। इन लोगों को उचित मूल्य की दुकान जाना नहीं पड़ता है। इसके बाद भी ओटीपी से वितरण करने पर रोक लगाना समझ से परे है।

**निर्देश जारी होने के बाद से ओटीपी से वितरण बंद:** विभाग ने हालही में निर्देश जारी किया है। इसके तहत ओटीपी से खाद्यान्न वितरण पर रोक लगा दी गई है। हालांकि बीमार या 80 प्रतिशत दिव्यांग आदि हितग्राहियों को ओटीपी से वितरण में छूट दी गई है, जो दुकान में खाद्यान्न लेने पहुंच नहीं पाएंगे, लेकिन इसके लिए भी संबंधित क्षेत्र के फूड इंस्पेक्टर या विभागीय कार्यालय से अनुमति लेना होगा।

**राशन वितरण गलत नहीं:** राशन वितरण गलत नहीं है, क्योंकि आधार से लिंक मोबाइल में ही ओटीपी जाता है। कभी नेटवर्क की समस्या रहती है कभी भीड़ ज्यादा रहने से भी ओटीपी से वितरण जल्दी हो जाता है।

**- नरेश बाफना, अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ**

**जवाब संतोषजनक न होने पर कार्रवाई:** विभाग से मिले आदेश के तहत जिन उचित मूल्य दुकानों में ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न वितरण हुआ है, उन सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जवाब संतोषजनक नहीं रहने पर कार्रवाई की जाएगी।

**भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर**

### अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार



*रायपुर। किशोरी से इंस्टाग्राम में दोस्ती कर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने के आरोपी को पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। किशोरी को धमकी देने के आरोप में पुलिस ने कबीर नगर निवासी सोहेब सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पाक्सो एक्ट और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई। किशोरी की मां ने पुरानी बस्ती थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री से आरोपी इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती कर उससे अश्लील फोटो हासिल कर ब्लैकमेल कर रहा था।*













# आगजनी पर प्रशासन अलर्ट, अस्पताल होटल व अन्य संस्थाओं की होगी जांच

## 7 दिन में फायर एनओसी सहित जरूरी दस्तावेज जमा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा-नेवरा

देश और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अस्पतालों, होटलों, कोचिंग संस्थानों और व्यावसायिक परिसरों में लगातार सामने आ रही आगजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा ने बड़ा कदम उठाया है। नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिका ने विशेष फायर सेफ्टी टास्क फोर्स का गठन किया है, जो शहर के प्रमुख संस्थानों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की जांच करेगी। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशों के तहत गठित इस संयुक्त जांच समिति की अध्यक्षता मुख्य नगर पालिका अधिकारी करेंगे। समिति में उप अभियंता, राजस्व निरीक्षक तथा स्वच्छता प्रभारी सहित अन्य अधिकारी शामिल किए गए हैं। नगर पालिका ने शहर के अस्पतालों, नर्सिंग होम, होटल, रेस्टोरेंट, क्लब हाउस, सामाजिक भवन एवं अन्य बड़े व्यावसायिक परिसरों को नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर भवन अनुज्ञा, विद्युत सुरक्षा प्रमाणपत्र, लिफ्ट फिटनेस सर्टिफिकेट और वैध फायर एनओसी नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं निरीक्षण के दौरान टीम भवनों में राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी-2016) के अनुरूप सुरक्षा मानकों की जांच करेगी। इसमें इमरजेंसी एग्जिट, फायर अलार्म, स्प्रिंकलर सिस्टम, अग्निशामक यंत्रों तथा लिफ्ट सुरक्षा की विशेष रूप से समीक्षा की जाएगी।

नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने या सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के खिलाफ भवन सील करने, अनुज्ञा निरस्त करने सहित वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।




### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि हाल के दिनों में विभिन्न शहरों में हुई आगजनी की घटनाएं सभी के लिए चेतावनी हैं। नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संस्थान संचालकों से सुरक्षा मानकों का पालन कर अभियान में सहयोग करने की अपील की है। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि भविष्य में आगजनी जैसी घटनाओं की आशंका को न्यूनतम किया जा सके और शहरवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## खबर संक्षेप



### मदर्स प्राइड स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

आरंग। मदर्स प्राइड हाई स्कूल में शाला स्थापना दिवस के सुअवसर पर शैक्षणिक सत्र के लिए भव्य 'शाला प्रवेशोत्सव' का आयोजन किया गया। नए शैक्षणिक सत्र हेतु शाला प्रवेशोत्सव में तिलक लगाकर नए बच्चों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद स्कूल पहुंचे नए छात्र-छात्राओं का शिक्षकों एवं वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर एवं पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। संस्था के संस्थाप्रमुख जगदम्बा देवी एवं ध्रुव कुमार शुक्ला ने बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आकर लगनपूर्वक पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पालकगण उपस्थित रहे।

### चिमनियों से चौबीसों घंटे बरस रही मौत की काली राख, अस्थमा के मरीजों की संख्या में इजाफा

# फैक्ट्रियों की मनमानी से बढ़ा प्रदूषण व बिजली कटौती से ग्रामीणों का जीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धरसींवा

औद्योगिक क्षेत्र धरसींवा, सिलतरा और कपसदा में स्थापित फैक्ट्रियों की मनमानी और संवेदनहीनता ने स्थानीय नागरिकों का जीना दूभर कर दिया है। विकास की चमक दिखाने वाले इन औद्योगिक इलाकों में आज सुरसा की तरह मुंह बाए खड़ा प्रदूषण और चरमराई बिजली व्यवस्था आम जनता के स्वास्थ्य और शांति को लील रही है। क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए उद्योगपति खुलेआम पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिसके कारण समूचा इलाका आज एक बड़े गैस चैंबर में तब्दील हो चुका है। भारी उमस और हवा में फैली तीखी बदबू के बीच दिन-रात घंटों हो रही बिजली कटौती ने स्थानीय जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है।

इस क्षेत्र की सबसे बड़ी त्रासदी आसमान से बरसती मौत की काली राख है। फैक्ट्रियों की चिमनियों से बिना किसी फिल्टर या इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिप्रेटर के चौबीसों घंटे जहरीला धुआं और डस्ट उगला जा रहा है। इसका नतीजा यह है कि सुबह उठते ही ग्रामीणों को अपने घरों की छतों, आंगन और पेड़-पौधों पर काली डस्ट की मोटी परत जमी मिलती है। आलम यह है कि लोग अपने घरों के आंगन में बैठने या छतों पर कपड़े सुखाने से भी डरने लगे हैं। यह काली डस्ट सांसों के जरिए बच्चों और बुजुर्गों के फेफड़ों में जमा हो रही है, जिससे क्षेत्र में श्वास रोग, अस्थमा, आंखों में जलन और त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियों के मरीजों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है।





### उमस और प्रदूषण के बीच अंधेरे में कट रही रातें

बढ़ते प्रदूषण के बीच मौसम की मार और बिजली विभाग की लापरवाही ने आग में घी का काम किया है। असहनीय, दमघोंटू उमस और हवा में पसरी फैक्ट्रियों की बदबू के कारण लोग घरों के भीतर भी चैन की सांस नहीं ले पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में दिन और रात में घंटों होने वाली अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया है। एक तरफ फैक्ट्रियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की खबरें आती हैं, वहीं दूसरी तरफ आम जनता को बूंद-बूंद पसीने में तर होकर अंधेरे में रातें काटनी पड़ रही हैं।

### प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

सबसे ज्यादा आक्रोश पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी संभालने वाले जिम्मेदार महकमों और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी आंखें मूंदे बैठे हैं। फैक्ट्रियों द्वारा रात के अंधेरे में जानबूझकर प्रदूषण नियंत्रण यंत्रों को बंद कर दिया जाता है ताकि लागत बचाई जा सके, और सुबह समूचा इलाका घने धुंध की चादर में लिपटा मिलता है। प्रशासनिक उदासीनता के कारण उद्योगपतियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे आम जनता के विरोध को भी दरकिनार कर रहे हैं। यदि समय रहते इन बेलगाम उद्योगों पर नकेल नहीं कसी गई और क्षेत्र में बिजली व स्वच्छ हवा की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो स्थानीय ग्रामीणों का यह आक्रोश किसी बड़े जन-आंदोलन का रूप ले सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## समोदा आत्मानंद विद्यालय में प्रबंधन समिति गठन, और प्रवेशोत्सव मनाया



आरंग। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय समोदा मे शनिवार को शाला प्रबंधन समिति के गठन एवं शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा जारी 6 मई की गाइडलाइन के अनुसार शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुराणिक ध्रुवंशी (पूर्व शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कमल बर्मन (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, समोदा), अंगेश्वर देवांगन (नगर पंचायत उपाध्यक्ष) एवं जनप्रतिनिधि अमर निषाद तथा नारायण कुर्रे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात बैठक में सम्मिलित सभी गणमान्य नागरिकों ने अपना-अपना परिचय दिया एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की चयन प्रक्रिया प्रारंभ की गई। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवारों की संख्या अधिक होने के कारण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने हेतु लॉटरी के माध्यम से चुनाव कराया गया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए घनश्याम प्रसाद साहू तथा उपाध्यक्ष पद के लिए राजू साहू का चयन किया गया। सचिव पद पर संस्था प्रमुख प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार पटले नियुक्त हुए। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, जैसे नव निर्मित विद्यालय में कक्षा संचालन, शिक्षकों की कमी, रसोईघर की मरम्मत, विद्यालय परिसर हेतु निगरानी समिति का गठन तथा गणमान्य नागरिकों द्वारा न्योता भोजन आदि। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया।

विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गईं। विद्यार्थियों को अतिथियों ने निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पालकगण शिव साहू, नेतराम वर्मा, धन्नालाल साहू, दीपक साहू, नाथूराम साहू, बिंदा साहू, मोनिका देवांगन, विनोद देवांगन, गोवर्धन साहू, महेशू साहू तथा भूतपूर्व छात्र पूनमचंद साहू का विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सुश्री मितांजली मोहंती (वरिष्ठ व्याख्याता) द्वारा किया गया तथा अंत में प्राचार्य द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## शिक्षा सफलता की कुंजी है : शैल साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा-नेवरा



- सांकरा के स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

तिल्दा शहर से लगे ग्राम सांकरा स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शनिवार को शासन के निर्देशानुसार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शैल महेंद्र साहू रहीं। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य प्रतिनिधि शत्रुघ्न यदु, ग्राम पंचायत की सरपंच पूर्णिमा एवन पाटिल, उपसरपंच राजकुमार यदु, प्रदेश किसान कांग्रेस महामंत्री धर्मेंद्र वर्मा, पूर्व सरपंच चंडीराम पाल, अश्वनी कश्यप एवं अशोक कश्यप सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें स्कूल बैग, कॉपी और चॉकलेट वितरित कर शिक्षा के नए सफर की शुभकामनाएं दी गईं। मुख्य अतिथि शैल महेंद्र साहू ने अपने संबोधन में कहा कि हर बच्चा हमारे गांव, समाज और देश का भविष्य है। शिक्षा ही वह शक्ति है जो बच्चों के सपनों को नई उड़ान देती है। शासन की मंशा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, क्योंकि अच्छी शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखती है। हम सभी का दायित्व है कि विद्यालयों को बेहतर बनाने में मिलकर सहयोग करें और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

### मन लगाकर पढ़ाई करें

कार्यक्रम को जनपद सदस्य प्रतिनिधि शत्रुघ्न यदु, सरपंच प्रतिनिधि एवन पाटिल एवं अश्वनी कश्यप ने भी संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक द्वारा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला को सप्रेम दीवार घड़ी भेंट की गई, वहीं अश्वनी कश्यप ने विद्यार्थियों के खेल कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रिकेट किट प्रदान की। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों, गणमान्य नागरिकों एवं सैकड़ों ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

## लखौली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



आरंग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखौली में शनिवार को नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के उपलक्ष्य में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पदमनी साहू (जनपद सदस्य), हिरामन साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत लखौली), शेखर साहू (अध्यक्ष, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति), रत्थू साहू (विधायक प्रतिनिधि), दिनेश चंद्राकर (मंडी अध्यक्ष), मोहन साहू (उपसरपंच प्रतिनिधि), सोमलाल ओगरे (पूर्व सरपंच) एवं पालक समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर स्कूल में पहली बार कदम रखने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं उच्च कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा आरती उतारकर, तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया गया। नए वातावरण में इस प्रकार का स्वागत पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। शासन की मंशानुरूप कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को अतिथियों के हाथों निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश (यूनिफॉर्म) का वितरण किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही जीवन के विकास का मूल आधार है। उन्होंने पालकों से शत-प्रतिशत नामांकन एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। प्राचार्य राज्यश्री गुप्ता ने शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने एवं पालकों के सहयोग की बात कही। इस अवसर पर संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शाला विकास समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजमोहन श्रीवास्तव (संकुल समन्वयक, लखौली) एवं आभार प्रदर्शन ज्ञानकुमार वर्मा (व्याख्याता) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अनिता बखला, संगीता यादव, गोवर्धन कुमार जंघेल, मंजूलता पटेल, सुश्री अंजना खुटियारे, बसंती साहू, प्रीति गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रेरणा यादव, योगेश बघेल, वर्षा चंद्राकर, संतोष कुमार निषाद, रमेश कुमार यादव, चंद्रिका निराला, हीरा मंगेशकर, कुजूर सर, शुभेक्षा बंजारे, साय सर, विवेक प्रकाश सिन्हा, रणधीर किंडो, अर्चना मेश्राम, निर्मला चंद्राकर, कोमल सिंह पैकरा, ललिता बघेल, उर्वशी चौहान सहित संकुल के सभी विद्यार्थी समुदाय एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# पीएम आवास सूची से पात्र परिवारों के नाम गायब, ग्राम सभाओं में भारी हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरपोंगी

- गड़बड़झाले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग
- पात्र लोगों के नाम तत्काल सूची में जोड़े जाएं

प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएम आवास) के तहत पात्र परिवारों के नाम सूची से गायब होने को लेकर तिल्दा ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम सभा बैठकों में जमकर हंगामा हुआ। ग्रामीणों ने स्थानीय पंच, सरपंच और सचिव पर पक्षपात का गंभीर आरोप लगाते हुए तीखी बहस की, जिसके कारण पंचायत प्रतिनिधियों को भारी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने सरकार से पुरजोर मांग की है कि पात्र लोगों के नाम तत्काल सूची में जोड़े जाएं और उन्हें योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन गरीब परिवारों के घर कच्चे हैं, उनका नाम दो-दो बार सर्वे होने के बाद भी सूची से क्यों छूटा? श्री वर्मा ने इस पूरे गड़बड़झाले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

### पुरानी व्यवस्था को फिर से लागू करने की मांग

जनपद सदस्य ने आगे कहा कि गांव के लोगों को भली-भांति मालूम रहता है कि किसका घर जर्जर है और किसे आवास की सबसे ज्यादा जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे पात्र लोगों का चयन कर ग्राम सभा से अनुमोदित कराने की जो पुरानी व्यवस्था थी, उसे फिर से लागू किया जाए। वर्तमान में हो रहे नए सर्वे के तौर-तरीकों के कारण कई असली पात्र लोग अपात्र हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

# मांढर के राजीव ने मार्शल आर्ट्स में भारत को दिलाया कांस्य पदक

## अब थाईलैंड में होने वाले हीरो कप में दिखाएंगे दमखम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिलयारी




राजधानी रायपुर के लगे ग्राम मांढर के होनहार मार्शल आर्ट खिलाड़ी राजीव कुमार साहू 26 जून को मात्शोगी-डो मार्शल आर्ट की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। अब राजीव का चयन थाईलैंड के पटाया में होने वाले आगामी 'हीरो कप' के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप 30 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक थाईलैंड के पटाया शहर में आयोजित की जाएगी। मांढर होनहार युवक राजीव कुमार साहू अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राजीव कुमार साहू ने इससे पहले अपनी कड़ी मेहनत और बेहतरीन तकनीक के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता के बाद खेल प्रेमियों और राज्य सरकार को उनसे काफी उम्मीदें हैं। आगामी हीरो कप के लिए राजीव पिछले कई महीनों से कड़ा अभ्यास कर रहे हैं।

### कोच का संकल्पः इस बार कांस्य नहीं देश के लिए लाएंगे गोल्ड

राजीव की इस उपलब्धि पर उनके कोच और खेल संघ के पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राजीव ने अपनी प्रतिभा से छत्तीसगढ़ और पूरे देश का नाम रोशन किया है। पिछला कांस्य पदक उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा था, लेकिन इस बार हमारा लक्ष्य देश के लिए गोल्ड मेडल (स्वर्ण पदक) जीतना है। थाईलैंड में होने वाले मुकाबले के लिए उनकी ट्रेनिंग और तकनीक को और मजबूत किया गया है। पटाया में होगी कड़ी टक्कर थाईलैंड के पटाया में आयोजित होने वाले 'हीरो कप' में एशिया सहित दुनिया भर के दिग्गज मार्शल आर्ट्स खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे में राजीव के सामने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी बादशाहत साबित करने की कड़ी चुनौती होगी। राजीव की इस सफलता और आगामी सफर को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ के खेल जगत में उत्साह का माहौल है। सभी देशवासी और खेल प्रेमी राजीव को इस अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## पेज 11 के शेष...

### बूढ़ापारा धरना स्थल ...

एक अरसे से वीरान पड़ा है। गुमटी के पास लगाई गई टाइल्स भी उखड़ने लगी हैं, गुमटियों के तले लगाए गई शीट भी बदरंग होने लगी है।

### पुष्प विक्रेताओं को ...

सुरक्षा सहित अन्य कारणों से दोबारा दुकानें नहीं खुलीं। नगर निगम प्रशासन ने बूढ़ापारा के वेंडिंग जोन को शुरू कराने अब तक पहल भी नहीं की है।

### समोदा में छापा...

छापा मारकर जांच की गई। इस जांच के दौरान पता चला कि नेतराम ने विभाग से कृषि दुकान एवं 1 गोदाम का सिर्फ लाइसेंस ले रखा था, वहीं अन्य 2 गोदाम को वह अवैध रूप से किराए पर लेकर संचालित कर रहा था। इस तरह टीम ने एक-एक करके तीनों गोदाम से भारी मात्रा में खाद जब्त किया है।

### ओटीपी से चावल...

वितरण किए गए खाद्यान्न के लिए दिया जा रहा है। **रजिस्टर्ड मोबाइल पर ही ओटीपी, इसलिए गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं** : ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी होने की गुंजाईश नहीं के बराबर है, क्योंकि राशन कार्ड धारक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ही ओटीपी जाता है। यह मोबाइल नंबर आधार से भी लिंक है। इस तरह जिस व्यक्ति के नाम से कार्ड बना है, और उसमें जो मोबाइल नंबर दर्ज है। ओटीपी भी उसी नंबर पर जाता है। इसलिए ओटीपी से वितरण में फर्जीवाड़ा या गड़बड़ी की संभावना बिल्कुल नहीं है। **कई अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि भी हर महीने ओटीपी से लेते हैं खाद्यान्न** : राशन कार्ड धारकों में कई ऐसे सरकारी अधिकारी, कर्मचारी के अलावा जनप्रतिनिधि भी हैं, जो उचित मूल्य दुकानों से हर महीने खाद्यान्न बायोमेट्रिक प्रणाली की जगह ओटीपी के माध्यम से लेते हैं। अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों में ऐसे कई हैं, जो स्वयं दुकान न जाकर दूसरों को राशन कार्ड लेकर खाद्यान्न लेने भेजते हैं। इन लोगों को खाद्यान्न रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी मिलने पर ही दिया जाता है। बीमार, दिव्यांग सहित अन्य हितग्राहियों को मिलती है घर बैठे सुविधा ओटीपी से खाद्यान्न वितरण से बीमार, दिव्यांग जैसे हितग्राहियों को घर बैठे खाद्यान्न मिल जाता है। इन लोगों को उचित मूल्य की दुकान जाना नहीं पड़ता है। इसके बाद भी ओटीपी से वितरण करने पर रोक लगाना समझ से परे है। **निर्देश जारी होने के बाद से ओटीपी से वितरण बंद** : विभाग ने हालही में निर्देश जारी किया है। इसके तहत ओटीपी से खाद्यान्न वितरण पर रोक लगा दी गई है। हालांकि बीमार या 80 प्रतिशत दिव्यांग आदि हितग्राहियों को ओटीपी से वितरण में छूट दी गई है, जो दुकान में खाद्यान्न लेने पहुंच नहीं पाएंगे, लेकिन इसके लिए भी संबंधित क्षेत्र के फूड इंस्पेक्टर या विभागीय कार्यालय से अनुमति लेना होगा। राशन वितरण गलत नहीं : राशन वितरण गलत नहीं है, क्योंकि आधार से लिंक मोबाइल में ही ओटीपी जाता है। कभी नेटवर्क की समस्या रहती है कभी भीड़ ज्यादा रहने से भी ओटीपी से वितरण जल्दी हो जाता है। नरेश बाफना, अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ : जवाब संतोषजनक न होने पर कार्रवाई । विभाग से मिले आदेश के तहत जिन उचित मूल्य दुकानों में ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न वितरण हुआ है, उन सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### //आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता सुखचंद विश्वकर्मा पिता-चमारराय निवासी-ग्राम बेंदी तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.), हाल मुकाम फ्लैट नं.-4, जनकपुरी अपार्टमेंट, अग्रवाल कॉलोनी, कमला नेहरू नगर वार्ड, जबलपुर (मध्य प्रदेश) वाले के स्वामित्व व आधिपत्य कृषि भूमि जिसका, खसरा नं.-1429 एवं 1433 क्रमशः रकबा 0.2100 एवं 0.1900 हेक्टेयर इस प्रकार कुल खसरा 02 एवं कुल रकबा 0.4000 हेक्टेयर भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम-सिंगारभाठा, प.ह.नं.-12, रा.नि.मं. -केन्द्री, तहसील-अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। यह कि उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का सौदा विक्रेता के साथ मेरे पक्षकार ने अग्रिम बयाना राशि देकर कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।
रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 27/06/2026

(करन कुकरेजा)
अधिवक्ता गली नं.-3,
श्रीमान श्रीमती तेलीबांधा
रविग्राम, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9109236413,

### न्यायालय तहसीलदार अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

### ईश्तहार

ग्राम-ठेलकाबांधा
रा.प्र.क्र. अ/6 अ वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंद कुमार तारक पिता श्री नाथूराम तारक निवासी ठेलकाबांधा तहसील अभनपुर द्वारा ग्राम ठेलकाबांधा स्थित भूमि खसरा नंबर 663 रकबा 0.1400 हे. जो राजस्व अभिलेख में आनंद कुमार एवं अन्य के नाम पर दर्ज है, परंतु आवेदकगण खसरा नंबर 665 रकबा 0.1500 हे. पर काबिज है एवं अनावेदक बिसौहाराम के वारिसान खसरा नंबर 663 रकबा 0.1400 में काबिज है। आवेदिका द्वारा आपसी सहमति के आधार पर कब्जा के आधार पर अभिलेख को सुधार कराने हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 30/06/2026 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 12/06/2026 को जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
अभनपुर










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### प्रेस क्लब में यूसीसी पर परिचर्चा आज

**रायुपर।** मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब सभागार में 28 जून को यूसीसी (समान नागरिक संहिता) पर परिचर्चा और डायलॉग कार्यक्रम आयोजित है, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय अधिकारी इंद्रेश कुमार शामिल होंगे। कार्यक्रम शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक युनूस कुरैशी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

### दानवीर भामाशाह जयंती और सम्मान समारोह आज

**रायपुर।** तैलिक समाज एसोसिएशन द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 28 जून को दानवीर भामाशाह जयंती और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के संयोजक नारायण लाल साहू ने बताया कि तैलिक वंशीय साहू समाज के दानदाताओं का सम्मान दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. सोमनाथ साहू, स्व. मेघराज साहू व स्व. अजय कुमार साहू, टेमन सिंह साहू बोईरा वाले को दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाना है। दिवंगतजनों का सम्मान उनके परिजनों को दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षा, जल बचाओ और वृक्ष लगाओ अभियान के लिए केपी साहू वरिष्ठ समाजसेवक, समाजसेवा के लिए रामलखन साहू के अतिरिक्त समाजहित में काम करने वाले वरिष्ठ समाजसेवियों को भामाशाह सेवा सम्मान दिया जाना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ डॉक्टर, वरिष्ठ इंजीनियर, वरिष्ठ प्रोफेसर्स के साथ-साथ छग राज्य के सामाजिक विचारक, चिंतक भी शामिल होंगे।

# ऑटो, ई-रिक्शा में क्यूआर कोड लगना शुरू, ट्रैफिक पुलिस का नाम लिम्का बुक रिकार्ड में शामिल

## संबंधित थाना क्षेत्रों में ऑटो, ई-रिक्शा चालक को क्यूआर कोड लगाने तलब किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑटो, ई-रिक्शा चालकों की संपूर्ण जानकारी सवारियों को मिल सके, इसके लिए शनिवार को शहर के अंदर दौड़ रहे ई-रिक्शा तथा ऑटो में क्यूआर कोड लगाने का उद्‌घाटन पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने किया। पहले दिन ट्रैफिक पुलिस ने 50 ऑटो, ई-रिक्शा में क्यूआर कोड लगाया है। शहर के अंदर चल रहे 15 हजार 47 ऑटो, ई-रिक्शा में क्यूआर कोड लगाने 10 दिन की समय सीमा निर्धारित की है।

इसके बाद बगैर क्यूआर कोड चल रहे ई-रिक्शा तथा ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शहर के ट्रैफिक सिस्टम को व्यवस्थित करने 20 मई 2026 को ऑटो, ई-रिक्शा में क्यूआर कोड लगाने पंजीयन करना शुरू किया गया। रिकार्ड समय में ऑटो, ई-रिक्शा का पंजीयन करने पर ट्रैफिक पुलिस का नाम लिम्का बुक रिकार्ड में दर्ज किया गया। ऑटो, ई-रिक्शा की पहचान के लिए ट्रैफिक पुलिस का यह प्रयास देश में पहला है। इसके पूर्व इस तरह का प्रयास किसी अन्य राज्य में नहीं किया गया है।

क्यूआर कोड लगने के बाद सवारी संबंधित वाहन चालक के मालिक, ड्राइवर के अलावा वाहन संबंधित पूरी जानकारी अपने मोबाइल से स्कैन कर हासिल कर सकता है।

पहले दिन 50 ई-रिक्शा में लगा क्यूआर कोड



### व्यवस्था सुधारने ऑड-ईवन लागू करने की जरूरत

शहर के अंदर व्यवस्थित रूप से ऑटो, ई-रिक्शा का संचालन हो, इसके लिए जानकार ऑटो, ई-रिक्शा के लिए ऑड ईवन व्यवस्था लागू करने की बात कह रहे हैं। इस व्यवस्था के तहत अलग-अलग दिनों में गाड़ी नंबर के आखिरी नंबर सम विषम के आधार पर शहर के प्रमुख स्थान पर आवाजाही करने अनुमति देने की बात कह रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र निर्धारित कर ऑटो, ई-रिक्शा चलाने व्यवस्था बनाने की बात जानकर कह रहे हैं।

### ऐसे लगाए जाएंगे क्यूआर कोड

क्यूआर कोड ऑटो, ई-रिक्शा मालिक, चालक को सीधे देने के बजाय उन्हें अपने ऑटो, ई-रिक्शा लेकर संबंधित थानों में बुलाया जाएगा। वहां ट्रैफिक सिपाही गाड़ी नंबर का मिलान करने के बाद संबंधित गाड़ी में क्यूआर कोड चस्पा करेंगे। क्यूआर कोड सीधे किसी को देने पर गलत गाड़ी में लगाए जाने या गड़बड़ी होने की आशंका है।

## स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में हाहाकार

# एमडी बोले- ज्यादा खपत की शिकायत पर पुराना मीटर लगाकर करेंगे जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्रदेश में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही है। अब तक 40 लाख से ज्यादा मीटर लग चुके हैं। इस बीच सोशल मीडिया में लगातार इस बात को लेकर हाहाकार मचा हुआ है कि स्मार्ट मीटर में पुराने मीटर से ज्यादा खपत हो रही है। कांग्रेस भी इसको लेकर लगातार आंदोलन कर रही है। कई उपभोक्ताओं को इस बात की शिकायत है कि उनका बिल पहले से दो से तीन गुना ज्यादा आ रहा है। इस मामले में हरिभूमि से चर्चा करते हुए वितरण कंपनी के एमडी भीमसिंह कंवर ने कहा, अगर किसी भी उपभोक्ता को लगता है कि उसका स्मार्ट मीटर ज्यादा खपत बता रहा है, तो ऐसे किसी भी उपभोक्ता के आवेदन पर उसके कनेक्शन में एक पुराना मीटर भी लगाकर जांच की जाएगी। वैसे भी स्मार्ट मीटर में पांच फीसदी उपभोक्ताओं के यहां पुराने के साथ स्मार्ट मीटर लगाकर लगातार जांच हो रही है, किसी में कहीं कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। केंद्र सरकार की योजना के तहत देश के सभी राज्यों में अब स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अपने राज्य में भी स्मार्ट मीटर लगाने का काम लगातार चल रहा है। स्मार्ट मीटरों को लेकर इस बार गर्मी में लगातार यह बात सामने आ रही है कि स्मार्ट मीटर में ज्यादा खपत हो रही है। थोक में उपभोक्ताओं के बिल पहले से ज्यादा आने की शिकायत आम है। सोशल मीडिया में इसको लेकर ज्यादा बवाल मचा हुआ है। इस मामले में कांग्रेस ने भी मोर्चा खोला है और सीधे एमडी तक इसको लेकर शिकायत की गई है।

नया



पुराना



### कांग्रेस का स्मार्ट मीटर के खिलाफ अभियान

स्मार्ट मीटर को लेकर कांग्रेस ने घर-घर जाने का फैसला किया है। इसको लेकर अगले माह से पूरे प्रदेश में अभियान चलेगा। इसमें उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर को लेकर एक फार्म भरवाया जाएगा कि स्मार्ट मीटर ठीक नहीं है, इसलिए इसको बदला जाए। कांग्रेस की मांग है कि उप्र में जिस तरह से स्मार्ट मीटरों को बदला जा रहा है, अपने राज्य में भी स्मार्ट मीटर के स्थान पर पुराने मीटर लगाए जाए और तत्काल नए स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाई जाए।

### चेक मीटर भी लगे हैं

स्मार्ट मीटरों के लेकर पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटरों को एक तो पहले से चेक किया गया है। इसी के साथ जितने स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, उसके अनुपात में पांच फीसदी उपभोक्ताओं के यहां पुराने के साथ ही स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। ऐसे उपभोक्ताओं की पूरी संतुष्टि के बाद ही पुराने मीटर हटाए जा रहे हैं।

### ज्यादा बिल का कारण

ज्यादा बिल को लेकर जो कारण सामने आ रहे हैं, उसमें एक सबसे बड़ा कारण यह है कि बीते साल गर्मी में बिजली बिल हॉफ योजना के कारण चार सौ यूनिट तक खपत पर बिजली बिल हॉफ हो रहा है। इसमें उपभोक्ता की खपत चार सौ यूनिट से ज्यादा होने पर भी उसको लाभ मिलता था, लेकिन बीते साल अगस्त में इस योजना में संसोधन करके पहले सौ यूनिट की खपत पर बिल आधा किया गया। इसके बाद विरोध होने पर इसको बढ़ाकर दो सौ यूनिट पर बिल हॉफ किया गया। इसमें भी शर्त यह है कि खपत चार सौ यूनिट तक होनी चाहिए। गर्मी में ज्यादातर उपभोक्ताओं की खपत चार सौ यूनिट से ज्यादा होने पर बीते साल जो बिजली बिल हॉफ में हजार से 11 सौ रुपए कम हो रहे थे, वो इस बार न होने पर बिल ज्यादा लग रहा है।

### शिकायत पर करेंगे जांच

स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ता की शिकायत होने पर उपभोक्ता के आवेदन पर उसके कनेक्शन के साथ पुराना मीटर लगाकर जांच की जाएगी। स्मार्ट मीटरों के जांच के बाद लगाया जा रहा है। इसमें कोई कमी नहीं है।


- भीम सिंह कंवर
एमडी वितरण कंपनी

# बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली के लिए हुए एकजुट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में वर्ष 2004 के बाद नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से रायपुर में कंपनी के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से विद्युत अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली अधिकार मंच का गठन किया गया। उपस्थित सभी संगठनों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि पुरानी पेंशन बहाली की एक सूत्रीय मांग को लेकर अंतिम निर्णय तक संयुक्त एवं चरणबद्ध संघर्ष किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया, अधिकार मंच के संचालन एवं आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए सभी 12 संगठनों से दो-दो प्रतिनिधियों की समिति गठित की जाएगी, जिसमें एक प्रतिनिधि का एनपीएस धारक कर्मचारी होना अनिवार्य रहेगा। समिति की अगली बैठक आगामी सप्ताह आयोजित होगी, जिसमें आंदोलन की विस्तृत रणनीति तैयार की जाएगी।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 28 जून 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937





म्यूजिकल चेयर रेस-रस्सी खींच में....

लाइव इवेंट

## रोबोटिक से अब आसान होगा शारीरिक रूप से अक्षम मरीजों का इलाज



**रायपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं और नई मेडिकल तकनीक को बढ़ावा देने के लिए एनआईटी रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार आयोजित किया गया। एनआईटी के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग ने न्यूरो रिहैबिलिटेशन और न्यूरोसाइंस विषय पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्थान के हीरा ऑडिटोरियम में हुए इस एक दिवसीय सेमीनार का उद्घाटन प्रभारी निदेशक प्रो. समर वाजपेयी ने किया। कार्यक्रम में इंजीनियरिंग और मेडिकल साइंस के तालमेल पर गहराई से चर्चा की गई, जिसमें छात्रों, प्रोफेसरों, रिसर्चर्स और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### रोबोटिक सूट से पैरों पर खड़े हो रहे दिव्यांग

कार्यक्रम में विदेशों से आए विशेषज्ञों ने अपनी महत्वपूर्ण रिसर्च और जानकारी साझा की। श्रीलंका की मोरातुवा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रुवान गोपुरा ने बताया कि कैसे आधुनिक 'रोबोटिक सूट' एक्सोस्केलेटन और स्मार्ट तकनीकें शारीरिक रूप से कमजोर या दिव्यांग लोगों को दोबारा अपने पैरों पर खड़ा होने और आत्मनिर्भर बनने में मदद कर रही हैं। इन तकनीकों के जरिए मरीज अपना जीवन स्तर सुधार सकते हैं। वहीं, इटली से आईं प्रोफेसर मरियाना सेम्प्रीनी ने नसों और दिमाग से जुड़ी बीमारियों से उबर रहे मरीजों के सटीक इलाज पर बात की। उन्होंने रिकवरी के दौरान मरीजों के साक्ष्य-आधारित और सही मूल्यांकन की जरूरत पर जोर दिया ताकि इलाज के डेटा पर भरोसा किया जा सके।

### रोबोटिक्स से फायदेमंद बदलाव देखने को मिलेंगे

एनआईटी रायपुर की इस सफल मेजबानी से संस्थान की वैश्विक पहचान और मजबूत हुई है। इस सेमिनार के जरिए इंजीनियरिंग प्रयोगशालाओं और अस्पतालों की मेडिकल प्रैक्टिस के बीच की दूरी कम होगी, जिससे आने वाले समय में मेडिकल रोबोटिक्स के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं में कई बड़े और फायदेमंद बदलाव देखने को मिलेंगे।

पर्यटन स्थलों पर विभिन्न ट्रैवल एजेंसीज करा रहीं ट्रेकिंग, बस्तर बना लोगों की पहली पसंद


# पर्यटकों को भा रहा एडवेंचर रूट, बस्तर से लेकर जशपुर तक लंबी चढ़ाई कर पहाड़ों पर पहुंचेंगे युवा

मानसून में प्रकृति के बदलते मिजाज और खूबसूरती को करीब से देखने जंगलों और पहाड़ों में ट्रेकिंग प्रेमियों के लिए प्रदेश में नए स्थल बनकर तैयार हैं। इसका आनंद इस बारिश में पर्यटक ले सकेंगे। लोकल टूरिस्ट समितियों ने बारिश के लिए एडवेंचर ट्रेकिंग का प्लान तैयार किया है, जो जंगल से होते हुए पहाड़ों की ऊंची चोटी तक रहेगा। खास बात ये है कि कई जगहों पर एडवेंचर साइकिल के साथ-साथ पैदल भी है।

**रायपुर।** संस्थाओं का कहना है कि एडवेंचर के शौकीन बीहड़ जंगलों में रात बिताना पसंद करते हैं। इसलिए इस बार ट्रेकिंग एक से दो दिनों की तैयार की जा रही है। पर्यटन विभाग भी मानसून सीजन को लेकर अपनी तैयारी में जुट गया है। इस बार लोग चिल्फी घाट से पीड़ाघाट की ट्रेकिंग कर सकेंगे, जो 950 मीटर तक ऊंची पहाड़ी है। गाइड के मदद से ट्रेकिंग होगी। इसके अलावा मैनपाट में पहाड़ों के रास्ते झरना जाने ट्रेकिंग करने का पहली बार मौका मिलेगा।

### पहाड़ों की चढ़ाई में हिस्सा ले रहे युवा

शहर के शाया एडवेंचर क्लब द्वारा युवाओं को दलहा पहाड़ व जगदलपुर, बस्तर और मैनपाट क्षेत्र के पहाड़ों में एडवेंचर एक्टिविटी एक जुलाई से प्रारंभ कराई जाएगी। ट्रेनर यश नेताम ने बताया कि सप्ताह में शनिवार और रविवार को बढ़ी संख्या में युवा बुकिंग कराते हैं। पहाड़ पर चढ़ाई आसान नहीं होती। क्लब शुरू करने 5 साल तक हमें ट्रेनिंग लेनी पड़ी। क्लब में सभी 8 सदस्य ट्रेनर हैं, जो ट्रेकिंग, रैपलिंग और नाइट कैंप सपोर्ट के साथ लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखते हैं। टीम में एक लोकल गाइड भी होता है, जो उस स्थान का इतिहास बताता है। जगदलपुर में एडवेंचर गतिविधियां अधिक होती हैं। युवाओं का एक वर्ग ऐसे एडवेंचर का अब हिस्सा बन रहा है।



### देव हिल्स पर 30 किमी तक सीधी चढ़ाई

*बार नवापारा क्षेत्र में अचानकपुर गांव से इस बार देव हिल्स के लिए इस बार एडवेंचर ट्रेकिंग शुरू होने जा रही है। लोकल टूरिस्ट गाइड की मदद से यहां पहली बार सुबह के समय ट्रेकिंग होगी। बारिश में देव हिल्स जाने का मार्ग लगभग बंद हो जाता है। मार्ग में कीचड़ होती है और पेड़ भी गिर जाते हैं। देव हिल्स समुद्र तल से लगभग 1500 मीटर की ऊंचाई पर है। इसलिए यहां प्रकृति के बदलते मिजाज को करीब से देखा जा सकता है। एडवेंचर ट्रेकिंग में अचानकपुर से देव हिल्स तक 30 किमी तक पैदल चलना है। पहाड़ों की सीधी चढ़ाई करनी होगी। ट्रेकिंग का आनंद बारिश में है, इसलिए जुलाई से यह शुरू होगी। पहाड़ चढ़ने के उपकरण संस्था द्वारा दिए जाएंगे। बारिश में जंगल के नदी-नाले ओवरफ्लो रहते हैं। इसे पार करने के लिए मोटी रस्सी की व्यवस्था रहेगी। ट्रेकिंग के बीच खाने और रात रुकने की भी व्यवस्था रहेगी। प्रत्येक व्यक्ति 3 हजार शुल्क देना होगा।*

### जंगल में नाइट कैंपिंग पहली पसंद

पर्यटकों को जंगलों का भ्रमण और नाइट कैंपिंग कराने के लिए शहर के आदर्श शर्मा ने द ट्रैवल मैन के नाम से समूह बनाया है, जो लोगों को उनके अनुसार ही प्रदेश के जंगल और अभयारण्य का भ्रमण कराते हैं। आदर्श ने बताया कि बारिश में लोग एडवेंचर रास्तों में जाने के अलावा जंगलों में नाइट कैंपिंग करना पसंद करते हैं। ऐसे में रायपुर से 150 किलोमीटर की दूर की जगहों पर एक से दो दिन के ट्रिप तैयार करते हैं, जिसमें नाइट कैंपिंग की व्यवस्था भी होती है। इस बारिश में बाइक राइडिंग के अलावा एडवेंचर गतिविधि भी होगी। लोगों की मांग के अनुसार जंगल व पहाड़ के क्षेत्रों में ट्रेकिंग मार्ग तैयार कर रहे हैं।





### राजमेरगढ़ में जंगल और पहाड़ों तक जाने नई ट्रेक

मरवाही वनमंडल में स्थित राजमेरगढ़ प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है। यहां वन विभाग की मदद से मानसून में पर्यटक जंगल और पहाड़ों का लुत्फ उठा सकेंगे। बारिश में हर साल यहां सैलानियों की भीड़ बढ़ जाती है। वन विभाग और लोकल टूरिस्ट संस्था की मदद से इस बार पर्यटक यहां जंगल के रास्ते होते हुए राजमेरगढ़ की ऊंची चोटी पर पहुंचेंगे। राजमेरगढ़ में स्थानीय समिति के माध्यम से वन विभाग अगस्त में कैंपिंग शुरू करने की तैयारी में है। राजमेरगढ़ के अलावा धरमपानी, गगनाई नेचर कैंप व झोंझा जलप्रपात में इसी तरह भ्रमण कराने की योजना है। हर महीने दो एक्टिविटी होगी। जिन चार जगहों को चिन्हित किया गया है, वे सभी देखने लायक हैं। नेचर ब्लिस कैंपिंग में आने वाले पर्यटकों को पर्यावरण के करीब होने का अहसास दिलाने के लिए माहुल व साल पत्ते में खाना परोसा जाएगा।













● हरिभूमि और आईएनएच न्यूज के आयोजन में सहभागी बने लालपुर स्थित मारुति हेरिटेज सोसायटी के रहवासी

# म्यूजिकल चेयर रेस-रस्सी खींच में दिखा उत्साह, अपना अपार्टमेंट अपना उत्सव में उपहार पाकर खिले चेहरे

'हरिभूमि-आईएनएच न्यूज द्वारा शुरू की गई अनूठी पहल की दूसरी कड़ी में शनिवार शाम 7 से रात 9 बजे के बीच लालपुर स्थित मारुति हेरिटेज सोसायटी की सहभागिता से उत्सव का माहौल बन गया। अपना अपार्टमेंट अपना उत्सव का हिस्सा बने सोसायटी के बच्चों ने जहां म्यूजिकल चेयर रेस और इन आउट गेम्स का आनंद लिया, वहीं महिलाओं ने रस्सी खींच स्पर्धा में जीतने के लिए जोर आजमाईश की। इसमें सोसायटी के रहवासी भी सपोर्ट करते नजर आए।'

**रायपुर।** देश-दुनिया और शहर की खबरें लोगों तक पहुंचाने का दायित्व निभाने के साथ ही हरिभूमि-आईएनएच न्यूज ने बड़ी कॉलोनियों में दखल बढ़ाने नई पहल शुरू की है। कार्यक्रम के दौरान सोसायटी के अध्यक्ष भंवरलाल जैन, उपाध्यक्ष शुचि अरोरा एवं सचिव आरके सिंह, सहसचिव युधिष्ठिर प्रधान, कोषाध्यक्ष मोहन कल्ला के साथ वार्ड पार्षद सचिन मेघानी भी मंचस्थ रहे। सभी मंचस्थ वरिष्ठजनों का हरिभूमि-आईएनएच परिवार के आशीष दास महंत, सुमित कुमार महोबिया ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इसके बाद बच्चों के बीच म्यूजिकल चेयर रेस का सिलसिला शुरू हुआ। इसमें अहाना प्रधान ने अलग-अलग राउंड में खेले गए गेम्स में बाजी मारी। वहीं इन आउट गेम के लिए बनाए गए ग्रुप में ए-ग्रुप से गर्वित जैन और बी-ग्रुप से आन्या अग्रवाल को विजेता घोषित किया गया।



### महिलाओं के दो ग्रुप में रस्सी खींचने होड़

घर-परिवार और ऑफिस वर्क करने वाली महिलाओं को भी कॉम्पिटिशन का हिस्सा बनने का अवसर रस्सी खींच स्पर्धा में मिला। इसमें दो ग्रुपों के बीच कॉम्पिटिशन का दौर चला। 6-6 महिलाएं एक-दूसरे से जीतने के लिए जोर लगाते हुए सोसायटी के प्रोग्राम हॉल में उत्साही नजर आईं। इसमें काफी मशक्कत के बाद ग्रुप बी का प्रतिनिधित्व कर रही शिप्रा अष्टेकर और साथियों ने जीत दर्ज की। सभी विजेताओं को मोमेंटो और गिफ्ट दिए गए, जिसे पाकर उनके चेहरे पर खुशी छलकी। इस बीच वर्षा अग्रवाल और कामिनी टांड को सोसायटी की स्वच्छता के लिए गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इसमें शिप्रा और तृप्ति, शानू और पिंकी, कोमल, शीला जैन, सुजाता प्रधान सहित तनु को पुरस्कृत किया गया।







### बिजली के बढ़े दामों को लेकर खुली चर्चा

बिजली के बढ़े दाम से आम आदमी कितना परेशान, इस मुद्दे को लेकर सोसायटी के लोगों ने खुली चर्चा में कहा कि महंगी बिजली की मार सीधे बजट पर पड़ रही है। 200 यूनिट तक छूट का फायदा भी कागजी है, क्योंकि इससे ज्यादा खपत 80 फीसदी उपभोक्ता करते हैं, इसलिए लोक-लुभावने दावे का फायदा सिर्फ 20 फीसदी लोगों को मिलता है। इस टेंशन बढ़ाने वाली दरों का भुगतान के बाद भी बिजली कटौती की मार से उपभोक्ता त्रस्त हैं। सरकार और विद्युत विनियामक आयोग को इस दिशा में भी सोचने की जरूरत है। इसके बाद सोसायटी में अखबार पहुंचाने वाले तुलाराम साहू और सोसायटी की हाउस कीपर रत्ना, केयरटेकर अशोक मिश्रा का भी सम्मान किया गया।

**सिटी लाइव**

## 'लायंस क्लब- झन भूलो मां-बाप ल' संस्था ने सियान गुड़ी में फल बांटे



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित और समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त सियान गुड़ी में शनिवार को 'लायंस क्लब और झन भूलो मां-बाप ल' संस्था के पदाधिकारी पहुंचे। दोनों संस्थाओं ने बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया और उन्हें फल, बिस्किट वितरित किए। सियान गुड़ी के प्रभारी श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि लायंस क्लब और झन भूलो मां-बाप ल संस्था के पदाधिकारियों ने हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ और श्रीराम नाम के लेखन से आयोजन की शुरुआत की। इसके बाद सभी बुजुर्गों का डॉ. कमल वर्मा और टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। अंत में सभी को फल और बिस्किट वितरित किए गए। इसके बाद सभी पदाधिकारियों का महाराष्ट्र मंडल के सदस्यों ने सम्मान किया।

### दायित्वों का निर्वहन करते रहें

'लायंस क्लब और झन भूलो मां-बाप ल' की प्रेसिडेंट डॉ. वंदना ठाकुर ने कहा कि हमारी संस्था समाजसेवा कार्य करती है। आज सियान गुड़ी पहुंचकर बहुत अच्छा लगा। महाराष्ट्र मंडल के सानिध्य में हमें भी बुजुर्गों की सेवा का अवसर मिला। हम आगे भी यहां आते रहेंगे। सचिव डॉ. कमल वर्मा और कोषाध्यक्ष ला. भावना काशी ने भी अपने विचार रखे। मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने कहा कि हमें समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहना चाहिए। महाराष्ट्र मंडल का ध्येय सभी समाजों की सेवा है। 40 साल पहले दिव्यांग बालिका, संत ज्ञानेश्वर स्कूल और वर्किंग वूमन हॉस्टल खोला गया, जो सभी समाजों के लिए है।

## आध्यात्मिक परंपरा का अध्ययन करने अघोर पीठ पहुंचे वैज्ञानिक

**रायपुर।** अघोर पीठ श्रीधाम सुमेरु मठ के औघड़नाथ दरबार में आयोजित अघोर महोत्सव एवं श्री यज्ञ अनुष्ठान का अध्ययन करने के लिए प्रख्यात वैज्ञानिक और शिक्षाविद मध्यप्रदेश भोज (ओपन) विश्वविद्यालय से रायपुर पहुंचे। इसमें भोपाल के पूर्व कुलपति और वर्तमान में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी ने डॉ. हर्ष शर्मा एडजंक्ट प्रोफेसर ट्रिपलआईटी नया रायपुर के साथ अघोर पीठ का औपचारिक भ्रमण किया। इस अवसर पर प्रो. तिवारी ने अघोर पीठाधीश रुद्रानंद प्रचण्ड वेग नाथ से सौजन्य भेंट करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसका उद्देश्य अघोर महोत्सव, श्री यज्ञ अनुष्ठान, अघोर दर्शन तथा बाबा रुद्रानंद प्रचंड वेग नाथ के आध्यात्मिक ज्ञान, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं दूरदर्शी चिंतन का गहन अध्ययन एवं इस विषय पर सार्थक विचार-विमर्श करना था।

### लोककल्याणकारी गतिविधियों की सराहना और चर्चा

*संवाद के दौरान बाबा रुद्रानंद प्रचंड वेग नाथ ने यज्ञ, अघोर साधना, चेतना, प्रकृति, ऊर्जा और मानव कल्याण से संबंधित आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक आयामों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। भारतीय ज्ञान परंपरा एवं आधुनिक विज्ञान के समन्वय के साथ यज्ञ की वैज्ञानिक उपयोगिता और आध्यात्मिक चेतना के व्यावहारिक पक्षों पर गंभीर चर्चा की। प्रो. तिवारी ने अघोर पीठ में संचालित आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं लोककल्याणकारी गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और वैज्ञानिक चिंतन का समन्वय वर्तमान समय की जरूरत है। यह समाज एवं मानवता के समग्र कल्याण में योगदान दे सकता है। यह सौजन्य भेंट भारतीय आध्यात्मिक परंपरा एवं आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बीच संवाद, अनुसंधान एवं सहयोग की संभावनाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है।*



## गुरुद्वारे में 150 दृष्टिबाधितों को बांटे सारथी स्मार्ट केन

**रायपुर।** ह्युंडई इंडिया इंश्योरेंस ब्रोकिंग ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की कड़ी में पहल करते हुए रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के 150 दृष्टिबाधितों को सारथी स्मार्ट केन वितरित किए। यह आयोजन हेलन केलर दिवस पर शनिवार को किया गया। सुबह 11 बजे गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा स्टेशन रोड में दृष्टिबाधित विकास संघ के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर अहमदाबाद स्थित टॉर्चिट फाउंडेशन की विशेषज्ञ टीम द्वारा लाभार्थियों के लिए एक व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र भी किया गया, जिससे वे इस आधुनिक सहायक उपकरण का प्रभावी एवं सुरक्षित उपयोग कर सकें। टॉर्चिट फाउंडेशन के दिनेश के. बहल ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी लाभार्थियों को इसका अधिकतम लाभ मिले ।



### आधुनिक तकनीक से मिलेगा सहयोग

*गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के उपाध्यक्ष तेजिंदर सिंह होरा ने बताया कि दृष्टिबाधित विकास संघ के महासचिव राजेंद्र कुमार बेहरा ने इस पहल का स्वागत किया। प्रमुख प्रतिनिधियों में गौरव घोटकर एवं सुमीत सिंह राजपूत ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। यह पहल दृष्टिबाधितों की स्वतंत्र गतिशीलता, गरिमा, आत्मविश्वास, सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की है। आधुनिक सहायक तकनीक के जरिए उनके जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन लाने का यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मंजीत सिह सलूजा ने कहा कि हर साल गुरुद्वारा कमेटी प्रोग्राम में हाल में रुकने की व्यवस्था, चाय-नाश्ते और लंगर की व्यवस्था प्रदान करती है। इसमें गुरुदीप सिंग छाबड़ा, रश्मीत सिंग टुटेजा, रजिंदर सिंह सलूजा, हरजीत सिंग अजमानी व दृष्टिबाधित विकास संघ के सदस्य शामिल हुए।*

विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशुजी महाराज के सत्संग में शामिल हुए गुरुभक्त और श्रोता

## आध्यात्मिक चेतना से संवरेगा जीवन और कार्यक्षेत्र नकारात्मक सोच रखने वालों से बचना भी जरूरी

**रायपुर।** व्यक्ति के भीतर की दिव्यता उसके घर और कार्यक्षेत्र को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। अगर कोई व्यक्ति आंतरिक रूप से जागृत और दिव्य है तो उससे वातावरण स्वतः ही ऊर्जावान हो जाता है। वहीं नकारात्मक सोच वाले लोग जहां भी जाते हैं, वहां के माहौल को दूषित और माहौल को तनावपूर्ण बना देते हैं। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी आंतरिक दिव्यता और वास्तविक क्षमता को पहचाने तथा उसे समझने की कोशिश करे। इससे जीवन में ऊर्जा का संचार करे, ताकि वह समाज और कार्यक्षेत्र में बेहतर योगदान दे सके। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशुजी महाराज ने शनिवार को साइंस कॉलेज स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सत्संग के दौरान अपने शिष्यों और श्रोताओं के बीच अपने प्रवचन में कहा।



### गुरुपूर्णिमा का आचार्य ने किया आगाज

आचार्यश्री ने आगे कहा कि आंतरिक रूपांतरण के लिए जीवन में निर्भयता को सीखना और अपने भीतर छिपे डर पर विजय पाना सबसे जरूरी है। जीवन का सबसे बड़ा शत्रु 'मृत्यु का भय' है, जो व्यक्ति को खुलकर जीने और सही निर्णय लेने से भी रोकता है। विश्व जागृति मिशन के मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ मंडल द्वारा मुख्य गुरुपूर्णिमा महोत्सव, जो दिल्ली में होने वाला है। उसके पहले दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आगाज आचार्यजी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

### सनातन संस्कृति को बचाने का प्रयास

मुख्य आयोजन परसदा स्थित ब्रह्मलोक आश्रम में रविवार को गुरु दर्शन, सत्संग एवं गुरुदेव के चरण पादुका पूजन के साथ किया जाएगा। इससे पहले व्यासपीठ का पूजन एवं गुरुदेव का स्वागत किया गया। इस दौरान कृषि मंत्री रामविचार नेताम, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व आईएएस अधिकारी गणेश शंकर मिश्र ने सत्संग का लाभ लेते हुए कहा कि महाराजश्री द्वारा सनातन संस्कृति को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा के पहले दिन मंच संचालन का दायित्व आचार्य अनिल झा निभाया।





## हेल्थ टिप्स

### मसल्स वाली बॉडी बनाना मुश्किल नहीं, बस ठान लीजिए



जिम जाकर खुद को फिट और बॉडी को बेहतरीन शेप देने की कोशिश कर रहे पुरुष सिर्फ हां में ही जवाब देंगे। लेकिन कितने पुरुषों को इसका सही तरीका पता है? हो सकता है सबको सही तरीका पता हो, लेकिन इसके साथ किन गलतियों को करने से बचना है, वो न पता हो। जी हां अक्सर पुरुष मसल्स ग्रोथ करने की कोशिश में कुछ गलतियां कर बैठते हैं।

ये वो गलतियां हैं जो आपकी घंटों की मेहनत को बेकार कर देती हैं। ये आपके मसल्स ग्रोथ को बेहतर होने ही नहीं देती हैं। हो सकता है आप भी जिम में पसीना बहाते हुए ऐसी ही गलतियां कर रहे हों। इन गलतियों को पहचान लीजिए और मसल्स ग्रोथ को बढ़ा लीजिए।

#### लिफ्ट हों धीमे-धीमे

अक्सर कई पुरुष सोचते हैं कि बड़े मसल्स के लिए आपको भारी वजन जल्दी-जल्दी उठाना जरूरी होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। आप भारी वजन उठाइए लेकिन धीरे-धीरे।

दरअसल धीरे-धीरे किए गए रैप्स के साथ किसी खास मसल्स पर फोकस करना आसान हो जाता है। धीमे रैप्स के साथ मसल्स को उनके मोशन के फुल रेंज तक ले जाया जा सकता है। इसके साथ ग्रोथ और बेहतर और एक सी होती है

#### भारी वजन के ज्यादा रैप्स

याद रखिए, आप अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ानी है तो भरी वजन उठाने के साथ इसके रैप्स भी ज्यादा करने की कोशिश करनी



होगी। सुनिश्चित करें कि आप सही फॉर्म में वजन उठाएं। अगर आपको लग रहा है कि आप एक्सरसाइज का मोशन पूरा नहीं कर पाएंगे तो हल्का वजन ही उठाएं लेकिन एक्सरसाइज पूरी करें। लेकिन ये बात भी सही है कि ज्यादा वजन उठाने पर रैप्स ज्यादा नहीं हो पाते हैं। हालांकि आप भारी वजन के साथ 8 से 10 रैप्स ले सकते हैं। इसलिए इतना करने की तो कोशिश करें हीं।

#### रिकवरी है जरूरी

याद रखिए, मसल्स ग्रोथ तब नहीं होती है जब आप जिम में मेहनत कर रहे होते हैं बल्कि ये तब होती है, जब मसल्स आराम कर रही होती हैं। किसी खास मसल्स ग्रुप की एक्सरसाइज करने के बाद इसे कम से कम 48 घंटे का आराम मिलना चाहिए। तब ये आसानी से रिकवर और ग्रो कर पाती हैं।

इसके लिए टाइम टेबल बनाएं, जिसमें किसी खास मसल्स ग्रुप के लिए अलग-अलग दिन निश्चित किए गए हों। जैसे आपने सोमवार को लेग डे सुनिश्चित किया है तो अगली बार ये एक्सरसाइज गुरुवार को ही करें।

#### एक ही मोशन की आदत है गलत

आपकी मसल्स को आप एक ही तरह की एक्सरसाइज कराई जाती रहेगी तो इसको इसकी आदत पड़ जाएगी। इस आदत के चलते मसल्स ग्रोथ कम होने लगेगी।

इसलिए जरूरी है कि आप मशीनों में हर कुछ दिन में बदलाव करते रहें। या फिर रैप्स की स्पीड और संख्या में भी बदलाव किए जा सकते हैं।

#### ज्यादा कार्डियो धीमी मसल्स ग्रोथ

कार्डियो एक्सरसाइज जरूरी तो हैं लेकिन



इनको सीमा से ज्यादा कर लेना भी सही नहीं है। ऐसा करने पर मसल्स ग्रोथ काफी धीमी हो जाती है। इसलिए अगर आप मसल्स ग्रोथ बढ़ाना चाहते हैं तो आपको एरोबिक एक्सरसाइज पर ज्यादा ध्यान देना होगा। कार्डियो एक्सरसाइज को हर हफ्ते 75 मिनट तक ही करें। 150 मिनट तक मॉडरेट एक्सरसाइज भी की जा सकती है।

#### प्रोटीन का इंटेक

अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ाना है तो आपको कैलोरी और प्रोटीन की मात्रा खाने में बढ़ानी होगी। प्रोटीन मसल्स के डेवलपमेंट में सबसे जरूरी होता है। प्रोटीन के बिना मसल्स का निर्माण नहीं हो पाता है। इसके साथ प्रोटीन मसल्स की मरम्मत में भी बड़ा रोल निभाता है।

मांसपेशियों के सही निर्माण के लिए अपने वजन के प्रति किलो के हिसाब से कम से कम 2 ग्राम प्रोटीन का इंटेक करना चाहिए। जैसे आपका वजन 60 किलो है तो आपको 120 किलो प्रोटीन का इंटेक करना ही होगा।

## महिलाओं की सेहत में संतुलित आहार का महत्वपूर्ण योगदान

# महिलाओं के आहार में जरूर होने चाहिए तीन पोषक तत्व, कई बीमारियों से मिलेगी सुरक्षा

महिलाओं की अच्छी सेहत के लिए संतुलित आहार का महत्वपूर्ण योगदान होता है। सही और पौष्टिक आहार न केवल ऊर्जा प्रदान करते हैं बल्कि महिलाओं को उनके विभिन्न जीवन चरणों (जैसे मासिक धर्म, गर्भावस्था, स्तनपान और रजोनिवृत्ति) के दौरान बीमारियों से बचाए रखने में भी मदद करते हैं।

अच्छी सेहत के लिए स्वस्थ और पौष्टिक आहार का सेवन बहुत आवश्यक माना जाता है। जब बात महिलाओं के सेहत की हो तो ये और भी आवश्यक हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, महिलाओं में मासिक धर्म चक्र आदि के कारण आयरन की कमी और एनिमिया का खतरा अधिक रहता है। इसके अलावा हार्मोनल परिवर्तन के कारण हड्डियों, डायबिटीज और हृदय स्वास्थ्य की समस्याएं भी अधिक देखी जाती हैं। इन सभी बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए कम उम्र से ही खान-पान में सुधार करना बहुत आवश्यक हो जाता है।

महिलाओं की अच्छी सेहत के लिए संतुलित आहार का महत्वपूर्ण योगदान होता है। सही और पौष्टिक आहार न केवल ऊर्जा प्रदान करते हैं बल्कि महिलाओं को उनके विभिन्न जीवन चरणों (जैसे मासिक धर्म, गर्भावस्था, स्तनपान और रजोनिवृत्ति) के दौरान बीमारियों से बचाए रखने में भी मदद करते हैं। महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए कुछ खास विटामिन्स, खनिजों और पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है।



### अच्छी सेहत के लिए खान-पान रखें ठीक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, महिलाओं को अपने आहार में पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए जिससे शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को ठीक रखा जा सके। अच्छी सेहत के लिए पौष्टिक आहार के सेवन के साथ नियमित व्यायाम और पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना भी जरूरी है।

20 की उम्र से ही दैनिक आहार में कुछ पोषक तत्वों को जरूर शामिल करें। आइए जानते हैं कि आपकी अच्छी सेहत के लिए कौन-कौन से पोषक तत्व सबसे जरूरी हैं।

### कैल्शियम वाली चीजें खाएं



कैल्शियम आपकी हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। खासकर, रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं में हड्डियों का घनत्व कम होने लग जाता है जिससे गठिया-ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ता है। आहार में कैल्शियम वाली चीजों को शामिल करना आपकी अच्छी सेहत के लिए बहुत जरूरी है।

कैल्शियम से भरपूर आहार मांसपेशियों और तंत्रिका तंत्र को ठीक रखने में भी मदद करते हैं। कैल्शियम के लिए दूध, दही और पनीर, हरी पत्तेदार सब्जियां (जैसे पालक, मेथी, बथुआ) और बादाम आदि का सेवन करें।

### एनीमिया से बचने के लिए जरूरी है आयरन

आयरन महिलाओं के लिए खासतौर पर जरूरी है क्योंकि मासिक धर्म के दौरान शरीर में आयरन की कमी हो सकती है। आयरन की कमी से एनीमिया होने का खतरा रहता है। आयरन हमारे शरीर में हीमोग्लोबिन बनाने में मदद करता है जिसकी मदद से सभी अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचता है। जिन लोगों में आयरन की कमी होती है उन्हें थकान और कमजोरी सहित कई गंभीर बीमारियों हो सकती हैं। आयरन की कमी को दूर करने के



लिए हरी सब्जियां (जैसे ब्रोकली, पालक), अनार, चुकंदर और सेब जैसे फल, मांस और मछली के साथ नट्स का सेवन करें।

### फोलिक एसिड बहुत जरूरी

फोलिक एसिड गर्भवती महिलाओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भ्रूण के विकास और न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट्स को रोकने में मदद करता है। फोलिक एसिड नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण भी करता है। ये बच्चे में मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के विकास के लिए जरूरी है। महिलाओं में हार्मोनल संतुलन बनाए रखने और कमजोरी दूर करने के लिए ये पोषक तत्व महत्वपूर्ण है।

फोलिक एसिड प्राप्त करने के लिए संतरे, केले जैसे फल और हरी पत्तेदार सब्जियां खाएं। दालें और बीन्स के साथ अंडे और मछली को भी आहार का हिस्सा जरूर बनाएं।



# ईस्टर्न स्लैम स्क्वैश चैंपियनशिप में सेमीफाइनल मुकाबलों का रोमांच छाया

**रायपुर।** ईस्टर्न स्लैम (एसएफ सिल्वर स्टेटस – 5 स्टार इवेंट) के पांचवें दिन सेमीफाइनल एवं प्लेसमेंट मुकाबले खेले गए। कई मुकाबले पांच गेम तक चले, जिन्होंने दर्शकों को अंत तक रोमांचित रखा।

इन परिणामों में बालिका अंडर-11 (सेमीफाइनल) समीक्षा सुग्मार [1] (कर्नाटक) ने इनाया अंद्राबी [5/8] (राजस्थान) को 11-9, 11-8, 11-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।गौरवी अजमेरा [2] (राजस्थान) ने अविशा अग्रवाल [3/4] (जम्मू-कश्मीर) को 11-3, 10-12, 11-9, 11-9 से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया। बालक अंडर-11 (सेमीफाइनल) रुद्रांश प्रभाकर [3/4] (दिल्ली) ने विराज वाधवानी [2] (महाराष्ट्र) को 11-3, 11-8, 11-6 से हराया। युवान वर्मा [5/8] (राजस्थान) ने शीर्ष वरीय अगस्त्य उप्पल [1] (दिल्ली) को 14-12, 6-11, 11-4, 12-10 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। बालिका अंडर-17 (सेमीफाइनल)सान्वी कलंकी [1] (मध्य प्रदेश) ने फाबिहा नफीस [5/8] (उत्तर प्रदेश) को 11-7, 11-3, 11-5 से हराया।



आद्या बुधिया [2] (जम्मू-कश्मीर) ने वसुंधरा नांगरे [3/4] (महाराष्ट्र) को 11-4, 12-10, 12-10 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बालक अंडर-17 (सेमीफाइनल) आर्यमान सिंह [5/8] (कर्नाटक) ने हर्षल राणा [2] (हरियाणा) को रोमांचक पांच गेमों के मुकाबले में 11-8, 11-7, 10-12, 9-11, 11-6 से हराया। श्रेयांश झा [1] (महाराष्ट्र) एवं शिवेन अग्रवाल [5/8] (तमिलनाडु) के मुकाबले का परिणाम प्रतीक्षित है। बालिका अंडर-19 (सेमीफाइनल) उन्नति त्रिपाठी [1] (उत्तर प्रदेश) ने दिवा शाह (महाराष्ट्र) को 11-6, 11-6, 11-8 से हराया। देवाश्री अरोड़ा (हरियाणा) ने व्योमिका खंडेलवाल [2] (तमिलनाडु) को 11-8, 11-4, 9-11, 11-7 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बालक अंडर-19 (सेमीफाइनल) युशा नफीस [1] (उत्तर प्रदेश) ने जिनांश जैन (छत्तीसगढ़) को 11-3, 11-2, 11-2 से पराजित किया।सुभाष चौधरी [2] (राजस्थान) ने अर्जुन मोरे [3/4] (महाराष्ट्र) को 11-6, 11-9, 7-11, 11-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

### प्लेसमेंट मुकाबलों के प्रमुख परिणाम

बालिका अंडर-11: अवनि नंदल (हरियाणा) ने साइना यादव (हरियाणा) को तथा अमृथा कुंडावे (गोवा) ने अनाइशा साहू (जम्मू-कश्मीर) को हराया। बालक अंडर-11: कंधा स्वामी (तमिलनाडु) ने आरुष सरकार (हरियाणा) को तथा आयांश कोल्टे (महाराष्ट्र) ने वंश राठी (तमिलनाडु) को पांच गेमों के रोमांचक मुकाबले में पराजित किया।बालिका अंडर-17: आरिका मिश्रा (महाराष्ट्र) एवं ब्रिया शर्मा (जम्मू-कश्मीर) ने अपने-अपने मुकाबले जीते। बालक अंडर-17: साविर सूद (चंडीगढ़) ने मिहिर बोपाना (तमिलनाडु) को पांच गेमों में हराया, जबकि छत्तीसगढ़ के रेयांश कुलश्रेष्ठ ने सहर्ष शाहरा (मध्य प्रदेश) के रिटायर्ड होने पर जीत दर्ज की।

# चंवीर, विराट, भव्यम, सावी और राजवीर शीर्ष पर



■ छत्तीसगढ़ राज्य अंडर-11 फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप 2026 जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य अंडर-11 फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप 2026 का आयोजन बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बू ढ़ा तालाब, रायपुर में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय स्तर (फिडे रेटेड) की है। प्रतियोगिता में प्रदेश के 15 जिलों से आए 105 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें 78 बालक एवं 27 बालिकाएं शामिल हैं। सरगुजा एवं दंतेवाड़ा जैसे दूरस्थ जिलों से खिलाड़ियों की सहभागिता राज्य में शतरंज के बढ़ते विस्तार और लोकप्रियता का प्रमाण है। प्रतियोगिता में कुल 20 अंतरराष्ट्रीय वरीयता (फिडे रेटिंग) प्राप्त खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिससे प्रत्येक दौर में उच्च स्तरीय मुकाबले देखने को मिल रहे हैं।

यह प्रतियोगिता कुल 8 चक्रों में खेली जा रही है, जिसमें से शनिवार को 4 चक्र सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चार चक्रों की समाप्ति के बाद चंवीर सिंह, वी. विराट अय्यर, भव्यम झावर, सावी गौरी एवं राजवीर अजवानी 4-4 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अनिरुद्धी अनंत एवं निशांत साहू 3.5-3.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। वहीं 3 अंकों के साथ पलाक्ष यादव, अरमान उभरानी, शिवांश सिंह ठाकुर, तारिणी मोक्ष आचारी, तुषार यादव, सर्वेश लिलहारे, एसीएम आर्यन राज डांगरे, एएफएम अक्षत राज डांगरे, अन्वित श्रीवास्तव, एसीएम अनिका रेड्डी गोलुगुरी, अर्णव गोयल, अरमान प्रतिक साहू, अपूर्व भार्गव, अथर्व तिवारी, अद्विक अग्रवाल, आकर्षी गुप्ता, अभिराज सोनी एवं आद्वित उपाध्याय शीर्ष खिलाड़ियों की दौड़ में बने हुए हैं। आगामी चार चक्र प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम और विजेताओं का फैसला करेंगे।

इस प्रतियोगिता का महत्व इसलिए भी विशेष है क्योंकि बालक एवं बालिका वर्ग के शीर्ष दो-दो खिलाड़ी आगामी माह कर्नाटक में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय अंडर-11 शतरंज चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी कारण प्रत्येक दौर में खिलाड़ियों के बीच कड़ा एवं रोमांचक संघर्ष देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता के चीफ आर्बिटर अंतरराष्ट्रीय निर्णायक हर्ष शर्मा हैं, जिनके निर्देशन में प्रतियोगिता का संचालन अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जा रहा है।

प्रतियोगिता का समापन रविवार 28 जून को शाम 5:00 बजे पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि शैलेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहेंगे। वहीं समारोह की अध्यक्षता दिव्या चंद्रवंशी, आयुक्त, नगर निगम रायपुर, जोन-4 करेंगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के उपाध्यक्ष आनंद अवधिया तथा कैंडिडेट मास्टर एवं ट्रेनर्स कमीशन के चीफ रवि कुमार भी विशिष्ट रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता के शेष चार चक्र रविवार को खेले जाएंगे, जिसके बाद विजेताओं का सम्मान पुरस्कार वितरण समारोह में किया जाएगा। सभी खिलाड़ी पूरे उत्साह, एकाग्रता एवं खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

# अर्जुन, तेजस, कवीश और प्रत्यक्ष पहुंचे सुपर लीग में




**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर की ओर से ₹ रमाबाई-रामराव काले स्मृति रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 26 जून से आरंभ हुई। आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि 28 जून तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल में जारी प्रतियोगिता में 06 वर्गों में मुकाबले हो रहे हैं।

अभी तक खेले गए मैचों में-यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक वर्ग (ग्रुप ए) -अर्जुन मल्होत्रा, तेजस जादवानी, कवीश काला, प्रत्यक्ष चंद्राकर ने अपने मैच जीतकर सुपर लीग में प्रवेश किया। यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक वर्ग (ग्रुप B)-यशवंत डेकाटे, श्रेष्ठ मिश्रा, वरुण दत्त अग्रवाल, अद्विक संगर ने अपने मैच जीतकर सुपर लीग में प्रवेश किया। उपरोक्त प्रथम चरण के दोनों ग्रुप में प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाड़ियों ने दूसरे चरण के सुपर लीग दौर में प्रवेश किया। यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक वर्ग (ग्रुप ए) -कवीश काला एवं अभिनव पीटर अपने मैच जीतकर सुपर लीग में प्रवेश किया। यूथ अंडर- 15 (सब जूनियर) बालक वर्ग (ग्रुप बी ) -नीरव तिवारी एवं अद्विक संगर अपने मैच जीतकर सुपर लीग में प्रवेश किया। यूथ अंडर- 15 (सब जूनियर) बालक वर्ग (ग्रुप सी)-आरुष नत्थानी एवं रोहित सचदेव अपने मैच जीतकर सुपर लीग में प्रवेश किया। यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक वर्ग (ग्रुप डी) -विवान बैसवाड़े एवं जतिन धनकर अपने मैच जीतकर सुपर लीग में प्रवेश किया।

# अक्सर बनी रहती है कब्ज-पाचन की दिक्कत तो कहीं ज्यादा तनाव तो नहीं ले रहे हैं आप

आहार में गड़बड़ी के कारण पाचन की समस्या जैसे कब्ज-अपच होना काफी सामान्य है। पर क्या आपको अक्सर ही इस तरह की दिक्कत बनी रहती है? अगर हां तो इस बारे में किसी स्वास्थ्य विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। कब्ज की लंबे समय तक बनी रहने वाली दिक्कत कई प्रकार की गंभीर समस्याओं का संकेत हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ और फिट रखने के लिए आवश्यक है कि आपका पाचन ठीक रहे, इसमें लंबे समय तक बनी रहने वाली किसी भी दिक्कत पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं कि पाचन समस्याओं और कब्ज की दिक्कत के क्या कारण हो सकते हैं, कहीं ये शरीर में किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाचन-कब्ज की अधिकतर समस्याएं आहार में गड़बड़ी से संबंधित होती हैं। ज्यादा तैलीय, हाई फैट वाली चीजें कब्ज पैदा कर सकती हैं। डेयरी उत्पाद, अंडे, गरिष्ठ मिठाइयों का अधिक सेवन भी समस्याकारक माने जाते हैं। यदि आप इन चीजों का सेवन करते हैं तो पाचन को ठीक रखने के लिए अपने भोजन में भरपूर मात्रा में फाइबर युक्त सब्जियां और साबुत अनाज को भी शामिल करें। ये चीजें कब्ज-अपच की दिक्कतों से बचाने में मददगार हो सकती हैं। ज्यादा तनाव और चिंता की समस्या को शरीर में कई प्रकार की दिक्कतों को बढ़ाने वाला पाया गया है। इससे न सिर्फ रक्तचाप और हृदय गति बढ़ सकती है साथ ही अक्सर तनाव की समस्या कब्ज के भी जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। तनाव की स्थिति उन मांसपेशियों को प्रभावित करती है जो आपके शौच जाने के तरीके को नियंत्रित करती हैं। अक्सर बनी रहने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण गंभीर पाचन की दिक्कतों का खतरा हो सकता है।









## खबर संक्षेप

### मानसून के शहर में रूप अनेक, जमकर गरजे बादल कहीं बारिश तो कहीं सूखा

रायपुर। गर्मी के दिनों की तरह रेनी सीजन में मानसून ने शहर के भीतर अपना अलग-अलग रूप दिखाया। दोपहर बाद शहर के कई इलाकों में बारिश हुई, तो बड़े इलाके में सूखा जैसी स्थिति बनी रही है। इसके पहले छाए बादल राजधानी में जमकर गरजते रहे और कुछ देर तक हवा की गति भी तेज हुई। इसके पहले चिपचिपी गर्मी ने अपना असर दिखाया और अधिकतर शहरों का तापमान सामान्य से चार से पांच डिग्री तक अधिक रिकार्ड किया गया। मानसून आने के बाद अब तक राजधानी समेत प्रदेश के किसी भी इलाके में ऐसा सिस्टम नहीं बना है, जो लगातार पांच से छह घंटे तक बरसात का कारण बने। अभी दिन रात चिपचिपी गर्मी लोगों के जनजीवन को प्रभावित कर रही है। शनिवार को राजधानी में बरसात के इस मौसम में मानसून के अलग-अलग रंग बनते दिखे। सुबह 38 डिग्री के तापमान में तेज धूप ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। दोपहर बाद मौसम बदलता दिखा और बादल छाने के बाद दो किस्तों में बारिश भी हुई। काफी दिनों बाद होने वाली यह बरसात की खुशी सीमित क्षेत्रों तक सिमटी रही। यानी शहर के इलाके बारिश में भीगे, मगर बड़े हिस्से में सूखे जैसी स्थिति बनी रही। इस दौरान छाए बादलों में जमकर गड़गड़ाहट हुई इसके बाद मौसम शांत हो गया। इधर मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे में हल्की से मध्यम वर्षा की छोटी सी आस जगाई है।

### क्रूड ऑयल के दाम में कमी मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं घटा रही

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा,



अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में क्रूड ऑयल के दाम कम हो गये, लेकिन मोदी सरकार पेट्रोल, डीजल के दाम नहीं घटा रही है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में 31 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है, जो क्रूड ऑयल के दाम 116 डॉलर प्रति बैरल था आज 70 डॉलर है। इसमें प्रति बैरल लगभग 46 डॉलर की कमी हुई, लेकिन देश के भीतर किसान मजदूर युवा व्यापारी उद्योगपतियों को आज भी महंगी दरों पर पेट्रोल और डीजल खरीदना पड़ रहा है। मोदी सरकार और पेट्रोलियम कंपनियां मिलकर आम जनता की जेब से पेट्रोल डीजल के माध्यम से प्रति लीटर 35 रुपए से अधिक की कमाई कर रही है। बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार ने पेट्रोल डीजल से लगभग 32 लाख करोड़ रुपए की कमाई की है और पेट्रोलियम कंपनियों को मुनाफाखोरी में छूट देने से बीते 6 महीने में पेट्रोलियम कंपनियों ने लगभग 47000 करोड़ रुपए की कमाई की है और गरीब जनता महंगाई की मार के बोझ तले दबते जा रही है। उन्होंने कहा, पेट्रोल डीजल की महंगाई के लिए केंद्र की मोदी सरकार और पेट्रोलियम कंपनियों के मुनाफाखोरी गठबंधन को जिम्मेदार है। पश्चिम एशिया तनाव शुरू होने से पहले क्रूड आयल के जो दाम थे, आज उससे भी कम हो गये है। जब क्रूड ऑयल थोड़ा महंगा हुआ तो मोदी सरकार ने 10 दिनों के भीतर डीजल-पेट्रोल के दाम 6-6 बार दाम बढ़ाये, अब क्रूड आयल के दाम गिरने पर भी लूट जारी है।

### सक्ती गोलीकांड : कांग्रेस ने बनाई जांच समिति


रायपुर। सक्ती जिले के ग्राम जोंगरा में गोली मारकर युवती पूर्णिमा चौहान की नकाबपोश युवकों द्वारा की गई हत्या के मामले की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर गठित इस समिति के संयोजक चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव बनाए गए हैं। जांच समिति में जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह और जैजेपुर विधायक बालेश्वर साहू को सदस्य बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने समिति के सदस्यों से कहा है कि वे पीड़ित परिवार और ग्रामवासियों से मुलाकात कर घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी लें। मामले की विस्तृत जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे।

# सीएम साय बोले- डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से बढ़ेगा कार्यकर्ताओं का आधुनिक व तकनीकी ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश के समस्त सांसदों, विधायकों, निगम, मंडल व आयोग के अध्यक्षों तथा विधानसभा प्रभारियों ने वर्चुअली जुड़कर सहभागिता की।

## बूथ स्तर पर 'डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म' प्रशिक्षण अभियान को सफल बनाने का आग्रह




### डिजिटल ज्ञान में होगी वृद्धि : किरण देव

किरण देव ने कहा, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण से भाजपा कार्यकर्ताओं के आधुनिक एवं डिजिटल ज्ञान में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। संगठन को और अधिक हाईटेक बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, इस वर्चुअल बैठक के आयोजन का मुख्य हेतु यही है कि सभी जनप्रतिनिधियों के ध्यान में यह बात आ जाए कि संगठन में वर्तमान में कौन-से महत्वपूर्ण कार्यक्रम चल रहे हैं। यह पूरी तरह से बूथ स्तर का कार्यक्रम है, इसलिए सभी सांसदों और विधायकों को इस महाभियान को सफल बनाने में अपनी सक्रिय और अग्रणी भूमिका निभानी होगी। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के प्रदेश प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने इस अभियान की विस्तृत रूपरेखा और इसके उद्देश्यों की जानकारी साझा की। संचालन भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय और आभार प्रदर्शन कमल गर्ग ने किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संगठन के इस कदम की सराहना करते हुए कहा, निश्चित रूप से हम सभी मंत्रियों, सांसदों और विधायकों की यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरी तरह सफल बनाएं। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण से न केवल कार्यकर्ताओं का, बल्कि हम सभी जनप्रतिनिधियों का भी डिजिटल व तकनीकी ज्ञान बढ़ेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसके माध्यम से बूथ स्तर के नए और युवा कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, इतिहास और कार्यप्रणाली की सटीक जानकारी घर बैठे मिल सकेगी।

# भूपेश ने जिलाध्यक्षों से कहा- जनता की लड़ाई आक्रामक तरीके से लड़ें



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण के 8वें दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला कांग्रेस अध्यक्षों को संगठन के गुर सिखाए।

- संगठन की शक्ति का उपयोग कर मोदी सरकार को उखाड़ फेंकें

प्रदेश के विभिन्न जनहित के मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए जिला अध्यक्षों से कहा, वे आक्रमक तरीके से जनता की लड़ाई लड़ें।

खड़गे और राहुल गांधी ने आपको संगठन की शक्ति दी है, उसका उपयोग कर आप मोदी सरकार और राज्य सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ मुखरता से आवाज उठायें। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व की कांग्रेस सरकार की पांच साल की योजनाओं, कांग्रेस की रीति-नीति, इतिहास, देश के विकास में कांग्रेस का योगदान पर व्याख्यान दिया। उन्होंने जनहित के मुद्दों को उठाकर जनता का दिल जीतने का प्रयास करें। अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने तथा अल्पसंख्यक विभाग के अमीन मेमन, आदिवासी अधिकार, अल्पसंख्यक कल्याण तथा जल, जंगल, जमीन पर व्याख्यान दिया।

### आज ग्राम लखना में श्रमदान करेंगे

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत प्रशिक्षण स्थल पर प्रतिदिन सभी सत्र में शामिल होते हैं तथा रात्रि विश्राम भी वहीं करते हैं। राष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रभारी सचिन राव की देखरेख में प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू एवं व्यवस्था कमेटी के सदस्य तथा सेवादल के स्वयं सेवक प्रशिक्षण स्थल पर व्यवस्था संभाले हुए हैं। प्रशिक्षण के 9वें दिन प्रतिभागी जिलाध्यक्ष लखना गांव में श्रमदान करने जायेंगे। प्रशिक्षण शिविर का समापन 10वें दिन 29 जून को होगा।

### बैज ने कहा- जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण 2028 विस चुनाव की तैयारी का हिस्सा

छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, शिविर में जिला अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। प्रशिक्षण के जरिए संगठन को मजबूत करने के साथ राज्य सरकार के खिलाफ जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने की रणनीति तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा, प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे जनता की समस्याओं और मुद्दों को प्रभावी तरीके से सामने रख सकें। यह शिविर केवल संगठन मजबूत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों का भी हिस्सा है।



- नेताम के बयान पर पलटवार, टोकन सिस्टम हटाने से खाद की समस्या खत्म नहीं होगी

***चुनाव को लेकर कांग्रेस ने शुरू की तैयारी*** : दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से रणनीति बनाने में जुट गई है। पार्टी का फोकस बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर है। उन्होंने कहा, प्रशिक्षण के बाद सभी जिला अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर संगठन को मजबूत करेंगे। हमारे जिलाध्यक्ष अर्जुन की तरह लक्ष्य साधकर कौरव सेना का मुकाबला करेंगे। हमारा लक्ष्य मछली की आंख है और भाजपा के छल-प्रपंच से प्रदेशवासियों को दूर करना है।

***नेताम के बयान पर पलटवार*** : कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर को लेकर मंत्री रामविचार नेताम के बयान पर दीपक बैज ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस गांधीवादी विचारधारा की ट्रेनिंग देती है, गोडसे की विचारधारा की नहीं। यदि रामविचार नेताम कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में एक घंटे भी बैठ जाएं तो वह मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे और भाजपा छोड़ देंगे।

# युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव लड़ने 45 दावेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश युवक कांग्रेस चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। इस कड़ी में 45 युवा नेताओं की सूची जारी की गई है, जो प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के लिए पात्र हैं। इनमें पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के पुत्र आदित्य, निकाय अध्यक्ष निखिलकांत साहू, विनयशील गुप्ता और अन्य हैं।

- आदित्य भगत, विनयशील, शैलेंद्र बंजारे, निखिलकांत साहू, भावेश शुक्ला

बताया गया कि युवक कांग्रेस की राष्ट्रीय इकाई ने प्रदेश के चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं का इंटरव्यू लिया। इसमें 45 युवा नेताओं के कामकाज को उत्कृष्ट माना गया है और उन्हें चुनाव लड़ने के लिए पात्र घोषित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पात्र नेताओं में जीशान कुरैशी, तुकाराम चंद्रवंशी, भावेंद्र गंगोत्री, भावेश शुक्ला, अनिमेष सिंह, आदिल आलम खेरानी, मानव देशमुख, सोनिका पोर्ते, जसमीत शर्मा, नीरज घोरे, खुशबू आदित्य वैष्णव, रूबी तिवारी, शैलेंद्र बंजारे, गौरव मिश्रा, प्रशांत बोकाडे, हनी परमीत बग्गा, अमित शर्मा, लोकेश वशिष्ठ, विनयशील गुप्ता, कपिलकांत, सतेंद्र चेलक, नजरुल इस्लाम, मृदुला बास्कर, गुलजेब अहमद, आशिका कुजूर, प्रीति वैष्णव, प्रीतिका विश्वकर्मा, गणेश दुग्गा, मनहरण वर्मा सहित अन्य नाम शामिल हैं।

### कल होगी स्क्रूटनी

अध्यक्ष और अन्य पदों के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 29 जून को स्क्रूटनी होगी। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के बेटे आदित्य भगत, कुनकुरी नगर पंचायत के अध्यक्ष विनयशील गुप्ता, महासमुंद नगर पालिका के अध्यक्ष निखिलकांत साहू और बलौदाबाजार-भाटापारा के जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र बंजारे प्रमुख दावेदार हैं।

### जुलाई के अंतिम सप्ताह में होंगे चुनाव

युवा कांग्रेस चुनाव की तारीखों में बदलाव के बाद अब चुनाव जुलाई के आखिरी सप्ताह में होंगे। हालांकि अभी अधिकृत घोषणा नहीं हुई है, लेकिन यह माना जा रहा है कि मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद मतदाताओं के नाम एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में जुड़े गए हैं। ऐसे में ब्लॉक अध्यक्षों के चुनाव के लिए उन्हें दावेदारी करने में हो रही दिक्कतों को दूर करने हल लिकाला जा रहा है।

### राजनीतिक गणित भी तैयार

बताया जाता है कि युवा कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के लिए पात्र लोगों की सूची जारी होने के बाद बड़े नेताओं का समर्थन लेने में जुट गए हैं। उनके समर्थन मिलने पर युवा कांग्रेस के ऑनलाइन सदस्य बनने वालों का सपोर्ट मिलेगा, उसके आधार पर उन्हें अधिक समर्थन मिल सकता है। बताया गया है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल, विनयशील गुप्ता को समर्थन दे सकते हैं। वहीं भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, शैलेंद्र बंजारे के पक्ष में बताए जाते हैं। अगले दो-तीन दिनों में चुनाव की तस्वीर साफ होगी।

# सहकारिता सप्ताह को जनआंदोलन बनाने की तैयारी, प्रदेशभर में होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक पूरे देश में सहकारिता सप्ताह-2026 मनाया जाएगा। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ में भी सहकारिता के माध्यम से किसानों की समृद्धि, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी जानकारी अपैक्स बैंक के अध्यक्ष केदार गुप्ता ने आज संवाददाताओं को दी। उन्होंने बताया कि सहकारिता सप्ताह को केवल औपचारिक आयोजन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसे जनभागीदारी आधारित अभियान का स्वरूप दिया जाएगा। राज्य के प्रत्येक जिले, विकासखंड एवं सहकारी समिति स्तर तक कार्यक्रम आयोजित कर किसानों, युवाओं, महिला स्व-सहायता समूहों, दुग्ध उत्पादकों, मत्स्य पालकों, लघु वनोपज संग्राहकों, बुनकरों तथा ग्रामीण उद्यमियों को सहकारिता आंदोलन से जोड़ा जाएगा।

- सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण होने पर 29 जून से 6 जुलाई तक मनाया जाएगा सहकारिता सप्ताह

***परिचर्चा और अनेक कार्यक्रम होंगे*** : उन्होंने बताया कि प्रदेश की 2573 प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) सहित दुग्ध, मत्स्य, बुनकर एवं अन्य सहकारी समितियों में सहकारी ध्वजारोहण, सदस्यता अभियान, माइक्रो एटीएम एवं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) तथा रू-पे केसीसी कार्ड वितरण, सहकार दौड़, वृक्षारोपण, मृदा परीक्षण, कृषक संगोष्ठियां, एफपीओ एवं पैक्स की भूमिका पर परिचर्चा सहित अनेक जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### ये कार्यक्रम होंगे

उन्होंने बताया कि 3 एवं 4 जुलाई को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि मंडपम ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय सहकारी चिंतन शिविर, सहकार मेला, अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस समारोह एवं सहकारी संगोष्ठी आयोजित होगी। कार्यक्रम में पैक्स, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, दुग्ध, मत्स्य, लघु वनोपज, बुनकर एवं अन्य सहकारी संस्थाओं के साथ नाबार्ड, एनसीडीसी, एनसीसीएफ, नैफेड, सीएससी, इफको, कृभको, राज्य सहकारी संघ सहित अनेक राष्ट्रीय संस्थाएं भाग लेंगी। सहकारी सप्ताह के समापन पर 6 जुलाई को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा विश्व की सबसे बड़ी विकेंद्रीकृत अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की 9 पैक्स समितियों में गोदाम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा।

# 6 राशन दुकानों में सवा करोड़ के चावल की शार्टेज, नोटिस के बाद भी न चावल जमा किया न बदले में राशि लौटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य की दुकानों में चावल की हेराफेरी के मामले थम नहीं रहे हैं। वर्ष 2022 में रायपुर सहित प्रदेशभर में कई दुकान संचालकों ने हितग्राहियों को वितरण किए जाने वाले करोड़ों रुपए के चावल की हेराफेरी की थी, जिसकी शत प्रतिशत रिकवरी कई जिलों में अब तक नहीं हो पाई है। इधर रायपुर जिले में पिछले वर्ष कई दुकानों में दोबारा चावल की गड़बड़ी की गई है। इनमें से आधा दर्जन उचित मूल्य दुकानों में सवा करोड़ रुपए से अधिक के चावल की गड़बड़ी करने के मामले में संबंधित समितियों के अध्यक्ष एवं विक्रेताओं को नोटिस जारी कर चावल या बदले में राशि जमा करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इन दुकानों में से किसी ने भी चावल या राशि जमा नहीं कराई है। खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि इस मामले में अब एफआईआर कराए जाने की तैयारी की जा रही है।

- खाद्य विभाग अब इन दुकानों संचालक समितियों के अध्यक्ष-विक्रेता के खिलाफ एफआईआर करने की तैयारी में



जिला खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले की कई उचित मूल्य की दुकानों में चावल शॉर्टेज की सूचना मिलने पर जांच की गई है। इस जांच के दौरान दुकान आईडी 442001039 में 315 क्विंटल, 442001020 में 385 क्विंटल, 442001040 में 1250 क्विंटल, 441001290 में 490 क्विंटल, 441001291 में 520 क्विंटल एवं 441001059 में 300 क्विंटल चावल शार्टेज पाया गया था। इन सभी दुकानों के संचालन करने वाली समितियों के अध्यक्ष-विक्रेताओं को नोटिस जारी कर गायब चावल के बदले चावल या राशि जमा करने के लिए कहा गया था।

### 40 रुपए प्रति किलो की दर से लौटाना है चावल के बदले राशि

चावल शार्टेज मिलने पर विभाग ने चावल के बदले चावल के साथ बदले में राशि लौटाए जाने का ऑप्शन रखा हुआ है। इसके तहत प्रति किलो चावल के एवज में 40 रुपए निर्धारित है। इस तरह 6 दुकानों से कुल 3260 क्विंटल चावल गायब मिला है, जिसकी 40 रुपए प्रति किलो की दर से कुल कीमत 1 करोड़ 30 लाख 40 हजार रुपए है।

### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

आधा दर्जन उचित मूल्य की दुकानों में कुल 3260 क्विंटल चावल शार्टेज मिला है। रिकवरी के लिए इन सभी दुकानों को नोटिस जारी कर चावल या बदले में राशि जमा करने के निर्देश दिए थे। नोटिस के बाद भी चावल-राशि जमा नहीं की गई है। कलेक्टर के निर्देश पर अब इन मामलों में आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

*- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर*

### हितग्राहियों का चावल अधिक कीमत पर बाजार में खपाया जा रहा

राशन कार्ड धारकों को वितरण करने उचित मूल्य की दुकानों में पहुंचने वाले चावल को हितग्राहियों को नहीं देकर कई दुकानों के संचालक अधिक कीमत पर बाजार में खपा देते हैं। यही कारण है कि जांच के दौरान ऑनलाइन रिकार्ड में चावल की जितनी मात्रा दिखाई देती है, उसके अनुसार दुकानों में स्टॉक नहीं होता। जिन 6 दुकानों में जांच की गई, उनकी दुकानों में भी ऑनलाइन स्टॉक की तुलना में चावल कम पाया गया था।

अस्पताल का नंबर सर्च करने पर कारोबारी हुआ ठगी का शिकार

# महिला और कारोबारी से जालसाजों ने की आठ लाख की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो अलग-अलग ठगी के प्रकरण में जालसाजों ने एक महिला तथा एक कारोबारी को ठगी का शिकार बनाया है। महिला से इंस्टाग्राम में दोस्ती कर विदेशी गिफ्ट भेजने के नाम पर तीन लाख 24 हजार रुपए ठग लिए। एक अन्य प्रकरण में कारोबारी ने गूगल में अस्पताल का नंबर सर्च किया। जालसाजों ने जरूरी जानकारी के नाम पर कारोबारी के अकाउंट से चार लाख 84 हजार रुपए उड़ा दिए। पुरानी बस्ती थाना में कुशालपुर, दंतेश्वरी मंदिर के पास रहने वाली रोशनी चतुर्वेदी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उसकी करीब दो वर्ष पहले डॉ. खान 666 नाम की इंस्टाग्राम आइडी वाले से दोस्ती हुई थी। आरोपी ने पहले दोस्ती की और फिर लगातार चैटिंग करते हुए उसका मोबाइल नंबर लेकर वाट्सएप पर बातचीत करने लगा।




इस दौरान उसने विश्वास जीतने के लिए उससे उसकी तस्वीरें और वीडियो भी मंगवाए। कुछ समय बाद जालसाज ने महिला को बताया कि वह उसके लिए विदेश से महंगे उपहार भेज रहा है। उसने महिला से घर का पता भी लिया और कहा कि एयरपोर्ट के माध्यम से गिफ्ट उसके घर पहुंच जाएगा।

### नंबर सर्च करने पर हुआ ठगी का शिकार

गोलबाजार थाना में दिनेश लालवानी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि उन्हें 17 जून को हैदराबाद स्थित एआइजी अस्पताल में इलाज के लिए अपाइंटमेंट लेना था। इसके लिए उन्होंने गूगल पर अस्पताल का मोबाइल नंबर खोजकर कॉल किया। फोन रिसीव करने वाले व्यक्ति ने खुद को अस्पताल से जुड़ा बताते हुए कहा कि अपाइंटमेंट कन्फर्म करने के लिए एक लिंक भेजा जा रहा है, जिसे खोलकर ओके करना होगा। लिंक ओपन करने के बाद टोकन नंबर आने की बात कही गई, लेकिन कोई टोकन नंबर नहीं आया। इसके बाद कारोबारी ने गूगल से दूसरा नंबर निकालकर दोबारा अस्पताल में संपर्क किया। वहां अगस्त महीने की तारीख मिलने पर उन्होंने अपाइंटमेंट लेने से मना कर दिया और फोन रख दिया। चार दिन बाद कारोबारी ने अपना अकाउंट चेक किया और मोबाइल मैसेज देखा, तो उसे जालसाज द्वारा अकाउंट से रुपए आहरण होने की जानकारी मिली।

# नशामुक्ति केंद्र में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गोंदवारा स्थित एक निजी नशा मुक्ति केंद्र में इलाज के दौरान 31 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान धरसीवां निवासी प्रदीप गिरी गोस्वामी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने युवक के शरीर पर चोट के निशान मिलने का आरोप लगाते हुए मौत को संदिग्ध बताया है और पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। घटना खमतराई थाना क्षेत्र की है।

- परिजनों ने मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिलने का लगाया आरोप

प्रदीप गिरी लंबे समय से शराब की लत से परेशान था। परिवार ने उसकी नशे की आदत छुड़ाने के लिए 21 जून को गोंदवारा स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। केंद्र प्रबंधन ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर खमतराई पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट से मौत होने का आरोप

मृतक के पिता का कहना है कि प्रदीप के शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान मिले हैं। उनका आरोप है कि इन परिस्थितियों में मौत सामान्य नहीं लगती। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी की मांग की है।



### पहले भी विवादों में रहा है नशा मुक्ति केंद्र

प्रदीप की शादी पिछले वर्ष ही हुई थी। जिस नशा मुक्ति केंद्र में वह भर्ती था, वहां दो वर्ष पूर्व नशा छुड़ाने गए एक युवक की कथित तौर पर मारपीट और प्रताड़ित करने से मौत होने की बात सामने आई थी। इसी तरह से पंडरी थाना क्षेत्र में एक नशा मुक्ति केंद्र में ओड़िशा के एक युवक की नशा मुक्ति केंद्र के संचालक के बेटे ने बुरी तरह से पिटाई कर हत्या कर दी थी। ऐसे में एक बार फिर नशा मुक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

### पुलिस बोली- पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी स्थिति स्पष्टो

खमतराई टीआई जितेंद्र जायसवाल के अनुसार रात करीब एक बजे प्रदीप की तबीयत खराब होने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चलेगा। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मारपीट या शारीरिक प्रताड़ना के स्पष्ट साक्ष्य नहीं मिले हैं, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।